Unit no. 701, 702 and 702-A, 7th Floor, Tower 2 and 3
One International Centre, Senapati Bapat Marg, Prabhadevi
Mumbai - 400 013, Maharashtra, India
Tel: +91 22 3395 8233
E-mail: jioplatforms.ipo@hdfc.bank.in
Investor Grievance E-mail: investor.redressal@hdfcbank.com
Website: www.hdfc.bank.in
Contact Person: Bharti Ranga/ Souradeep Ghosh
SEBI Registration No.: INM000011252

HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited
52/60, Mahatma Gandhi Road, Fort, Mumbai - 400 001
Maharashtra, India
Tel: +91 22 6864 1289
E-mail: jplipo@hsbc.co.in
Investor Grievance E-mail: investorgrievance@hsbc.co.in
Website: www.business.hsbc.co.in
Contact Person: Harsh Thakkar/ Harshit Tayal
SEBI Registration No.: INM000010353

ICICI Securities Limited
Appasaheb Marathe Marg, Prabhadevi, Mumbai - 400 025
Maharashtra, India
Tel: +91 22 6807 7100
E-mail: jioplatforms.ipo@icicisecurities.com
Investor Grievance E-mail: customercare@icicisecurities.com
Website: www.icicisecurities.com
Contact Person: Ramesh Vaswana / Soumavo Sarkar
SEBI Registration No.: INM000011179

IIFL Capital Services Limited
(formerly known as IIFL Securities Limited)
24th Floor, One Lodha Place
Senapati Bapat Marg, Lower Parel (West), Mumbai - 400 013
Maharashtra, India
Tel: +91 22 4646 4728
E-mail: jio.ipo@iiflcap.com
Investor Grievance E-mail: ig.ib@iiflcap.com
Website: www.iiflcapital.com
Contact Person: Gaurav Mittal/ Pawan Kumar Jain
SEBI Registration No.: INM000010940

Jefferies India Private Limited
Level 16, Express Towers
Nariman Point, Mumbai - 400 021, Maharashtra, India
Tel: +91 22 4356 6000
E-mail: Jio.Platforms.IPO@jefferies.com
Investor Grievance E-mail: jipl.grievance@jefferies.com
Website: www.jefferies.com
Contact Person: Akshat Shah/ Meghna Biju
SEBI Registration No.: INM000011443

JM Financial Limited
7th Floor, Cnergy, Appasaheb Marathe Marg
Prabhadevi, Mumbai - 400 025, Maharashtra, India
Tel: +91 22 6630 3030
E-mail: jpl.ipo@jmfl.com
Investor Grievance E-mail: grievance.ibd@jmfl.com
Website: www.jmfl.com
Contact Person: Prachee Dhuri
SEBI Registration No.: INM000010361

J.P. Morgan India Private Limited
J.P. Morgan Towers
Off C.S.T Road, Kalina, Santacruz (East),
Mumbai - 400 098 Maharashtra, India
Tel: +91 22 6157 3000
E-mail: JIO_IPO@jpmorgan.com
Investor Grievance E-mail: investorsmb.jpmipl@jpmorgan.com
Website: www.jpmipl.com
Contact Person: Shivam Goel/ Rishank Chheda
SEBI Registration No.: INM000002970

SBI Capital Markets Limited
1501, 15th Floor, A & B Wing, G Block,
Parinee Crescenzo, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai - 400 051 Maharashtra, India
Tel: +91 22 4006 9807
E-mail: jio.ipo@sbicaps.com
Website: www.sbicaps.com
Investor Grievance E-mail: investor.relations@sbicaps.com
Contact Person: Krithika Shetty/ Prashant Patankar
SEBI Registration No.: INM000003531

UBS Securities India Private Limited
Unit 2901, Level 29, Altimus,
Dr. GM Gokhale Marg /
Pandurang Budhkar Road,
Worli, Mumbai - 400 018, Maharashtra, India
Tel: +91 22 6155 6000
E-mail: OL-jioipo@ubs.com
Website: www.ubs.com/indiaoffers
Investor Grievance E-mail: igbmindia@ubs.com
Contact Person: Vidhit Patni
SEBI Registration No.: INM000013101

360 ONE WAM Limited
360 ONE Centre, Kamala City
Senapati Bapat Marg, Lower Parel (West),
Mumbai - 400 013 Maharashtra, India
Tel: +91 22 4031 7000
Email: jioplatforms.ipo@360.one
Investor Grievance E-mail: mbinvestorcomplaints@360.one
Website: www.360.one
Contact Person: Devesh Patkar
SEBI Registration No.: INM000012801

REGISTRAR TO THE ISSUE

KFin Technologies Limited
Selenium Tower-B, Plot No. 31 & 32, Gachibowli,
Financial District, Nanakramguda, Serilingampally
Hyderabad - 500 032, Telangana, India
Tel: + 91 40 6716 2222/ 1800 309 4001
E-mail: jioplatforms.ipo@kfintech.com
Investor Grievance E-mail: einward.ris@kfintech.com
Website: www.kfintech.com
Contact Person: Williams R
SEBI Registration No.: INR000000221

Company Secretary	Compliance Officer
Ms. Savithri Parekh	Mr. Venkataraman Ramachandran

TC-22, 5th Floor, A Wing, Reliance Corporate Park,
Thane Belapur Road, Ghansoli,
Navi Mumbai 400 701Maharashtra, India
Tel: +91 22 7967 0000
E-mail: jpl.investorrelations@jio.com

Investors may contact the Company Secretary or Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related grievances including non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode, etc. For all Issue related queries and for redressal of complaints, investors may also write to the BRLMs.

Continued on next page...

...continued from previous page.

AVAILABILITY OF THE RHP:

Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasincia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.ir; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, Tel: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 22, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled "**Risk Factors**" on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

बिजली कर्मियों की हड़ताल का व्यापक असर रहा

फरीदाबाद। गुरुग्राम व नूंह की बिजली वितरण में पैरलल लाइसेंस देने के खिलाफ बृहस्पतिवार से



शुरू हुई तीन दिवसीय हड़ताल का फरीदाबाद में व्याप्त असर रहा। हड़ताल में बिजली के लगभग सभी कर्मचारी और इंजीनियर अधिकारी हड़ताल पर रहे। सभी बिजली शिकायत केन्द्र, सब डिवीजन, सब डिवीजन व डिवीजन व सर्कल आफिस सुनसान पड़े रहे और कोई कामकाज नहीं हुआ। कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने का कारण लगभग ढाई हजार बिजली शिकायतों का निवारण नहीं हुआ। हड़ताल के चलते अटाली और आईएसई 33 केवी फीडर ब्रेक डाउन होने से इन सब स्टेशन से निकलने वाले सभी 11 फीडर और अर्बन क्षेत्र के 12 फीडर, रिहायशी क्षेत्र के 14 फीडर, औद्योगिक क्षेत्र के 8 और कृषि क्षेत्र के 9 फीडर बंद रहे।

मंत्री नागर ने कहा-धान खरीद के लक्ष्य का 43 प्रतिशत हासिल, खरीदे गए धान का 70 प्रतिशत उठान पूरा

हरियाणा में धान खरीद प्रक्रिया तेज, अब तक 24.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद: राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से खरीद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की मंडियों में धान की आवक, खरीद, उठान और किसानों को भुगतान की प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंत्री ने बताया कि 21 अक्टूबर 2026 तक प्रदेश की मंडियों में कुल 30.26 लाख मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है, जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित 58 लाख मीट्रिक टन के कुल खरीद लक्ष्य का लगभग 52 प्रतिशत है। इस अवधि तक सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा कुल 24.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। यह कुल आवक का लगभग 82 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि खरीदे गए धान में से 17.54 लाख मीट्रिक टन का उठान भी किया जा चुका है, जो कुल खरीद का लगभग 70 प्रतिशत है। इससे मंडियों में खरीदे गए धान के व्यवस्थित उठान और खरीद प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाने के प्रयासों का पता चलता है। नागर ने बताया कि प्रदेश में अब तक 1,84,794 किसानों को धान खरीद प्रक्रिया का लाभ मिला है।

धान खरीदी का 1.84 लाख से अधिक किसानों को मिला लाभ, किसानों को 3,447 करोड़ रुपए की एमएसपी का भुगतान: मंत्री नागर

किसानों को भुगतान की प्रक्रिया पर लगातार

सरकार का लक्ष्य है कि खरीद सीजन के दौरान किसानों को बेहतर सुविधाएं



खरीद एजेंसियों की भूमिका की नियमित समीक्षा

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने एजेंसियों के आंकड़ों का विवरण देते हुए बताया कि खाद्य विभाग द्वारा अब तक 13.60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जबकि हैफेड द्वारा 7.63 लाख मीट्रिक टन और हरियाणा राज्य भंडारण निगम एचएसडब्ल्यूसी द्वारा 3.70 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इस प्रकार तीनों एजेंसियों ने मिलकर कुल 24.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है। उन्होंने बताया कि खरीद एजेंसियों द्वारा उठान की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। खाद्य विभाग ने 9.83 लाख मीट्रिक टन, हैफेड ने 5.41 लाख मीट्रिक टन और एचएसडब्ल्यूसी ने 2.30 लाख मीट्रिक टन धान का उठान किया है। सभी एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा की जा रही है।

निजी व्यापारियों द्वारा भी धान की खरीद

नागर ने बताया कि 21 अक्टूबर तक निजी व्यापारियों द्वारा भी लगभग 24,054 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। निजी व्यापारियों द्वारा खरीदे गए धान का औसत भाव 2,467 रुपये प्रति क्विंटल रहा है, जबकि विभिन्न लेन-देन में भाव 2461 रुपए से 2800 रुपए प्रति क्विंटल तक दर्ज किया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खरीद प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं पर नजर रख रही है। मंडियों में किसानों की सुविधा, फसल की समय पर खरीद, खरीदे गए धान का उठान और भुगतान की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है।

विधि विधान से कलशों की स्थापना की गई

श्री महावीर मंदिर से महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्री महावीर मंदिर (प्राचीन हनुमान मंदिर) महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद में सामूहिक श्रीमद भागवत कथा की शुरूआत बड़ी धूमधाम से की गई।

कलश यात्रा से पहले पार्षद शेफाली सिंगला, वरिष्ठ भाजपा नेता करण सिंगला, टेकचंद नंदराजोग टोनी पहलवान, पिंटू सैनी, रमेश मेहता, धीरज वधवा, प्रेमवीर सिंह राहत, चरण सिंह सैनी, योगेश चावला, सुनीता सैनी, लखपत सैनी, सीमा शर्मा, सुमन अरोड़ा, अनिल वर्मा, किशोर तनेजा, रूपनारायण पंडित जी ने श्री महावीर मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके उपरांत मंदिर सें महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो पुरानी चुंगी, गढ़ी मोहल्ला, महावीर नगर होते हुए कथा स्थल पर पहुंची जहां पूरे विधि विधान से कलशों की स्थापना की गई। इस मौके पर शेफाली सिंगला ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से लोगों में भक्ति भाव की भावना जागृत होने के साथ साथ मन को शांति भी मिलती है। उन्होनें कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में प्रभु की भक्ति में मन लगाने वाले को सदा सुख मिलता है।

जरूरतमंदों को सूखी खाद्य सामग्री भी भेंट की जाती है

शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत शहीद पुलिस जवान योगराज को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार की पहल पर 21 से 30 अक्टूबर तक पुलिस शहीदी दिवस पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एनएच पांच स्थित राजकीय बाल माध्यमिक विद्यालय में सन- 1976 में शहीद हुए पुलिस जवान योगराज मेहता के चित्र पर एनआईटी के एसीपी प्रियांशु दीवान, एसएचओ सुशीला एवं इंस्पेक्टर माया, सीआरपीएफ के रिटायर्ड आईजी एवं मेहता के भतीजे के.के. मेहता, ऑल इंडिया टैक्स लॉयर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एडवोकेट संदीप सेठी, पुलिस कर्मी योगराज के पुत्र अरविन्द मेहता,



राजेश मेहता, पुत्री स्नेहा मेहता, सुमन बाली, मोहिनी दत्ता, नीरू दत्ता, सुभाष मेहता, रमेश बाली, सुनील दत्ता, देव बक्शी, रंजना बक्शी, रवि चावला, आजाद सिंह भाटी, प्रवीन मेहता, नरेन्द्र तंवर, चरण सिंह तंवर, एफ ब्लॉक आरडब्ल्यूए के प्रधान विजय कथूरिया, सचिव संजीव दत्ता, टीटू बांगा सहित अन्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम स्कूली छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए।

अब तक 140 से अधिक विद्यार्थी प्रवेश ले चुके हैं

भारत का पहला 'गुडनेस' क्रेडिट कोर्स में चरित्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए भारत का पहला 'गुडनेस' क्रेडिट पाठ्यक्रम आईआईटी हैदराबाद ने शुरू किया है। 'गुडनेस : चरित्र, जिम्मेदारी और मानवीय कल्याण' नाम के इस वैकल्पिक पाठ्यक्रम में अब तक 140 से अधिक विद्यार्थी प्रवेश ले चुके हैं। सात सत्रों वाले इस एक क्रेडिट के पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को सफलता से आगे बढ़कर सार्थक जीवन और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों पर विचार करने का अवसर मिलेगा। पाठ्यक्रम में मानवीय कल्याण, चरित्र निर्माण, व्यक्तिगत एवं सामाजिक जिम्मेदारी और विकसित भारत में नागरिकों की भूमिका जैसे विषय शामिल हैं। संस्थान के संस्थापक रवि शर्मा इसे पढ़ा रहे हैं। संस्थान के निदेशक प्रो. बीएस मूर्ति के अनुसार, शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान और पेशेवर दक्षता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में अच्छे चरित्र, जिम्मेदार निर्णय लेने और समाज के प्रति योगदान की भावना भी विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष के सभी स्नातक विद्यार्थियों के लिए मानसिक कल्याण एवं चुनौतियों से उबरने की क्षमता पर एक क्रेडिट का अनिवार्य पाठ्यक्रम भी शुरू किया है।

कलाकारों ने शानदार मंचन किया, हजारों श्रद्धालु अद्भुत क्षण को देखने के लिए पहुंचे

श्री राम हनुमार मंदिर अखिल भारतीय लैय्या बिरादरी व श्री महावीर दल दशहरा कमेटी ने किया शानदार भरत मिलाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्री राम हनुमार मंदिर लैय्या बिरादरी ओल्ड फरीदाबाद में भरत मिलाप की परंपरा बुधवार देर रात संपन्न हुई। इस अद्भुत क्षण को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु भी पहुंचे। दिल्ली से विशेष रुप से आए कलाकारों ने राम,

सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भरत व शत्रुघ्न द्वारा भरत मिलाप का शानदार मंचन किया। चारों भाइयों का मिलन देख भक्त भाव विह्वल हो उठे। इस दौरान कुछ दर्शन अपने आंसू नहीं रोक पाए और वे भक्ति-भाव से ओतप्रोत होकर रोने लगे। हनुमान जी ने अपनी नटखट



शरारतों से सभी भक्तों का मन मोह लिया और लोगों को खूब हंसाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुलदीप साहनी पार्षद सचिन शर्मा मौजूद थे। राजतिलक की लौकिक छठा को नयनों में बसाने के लिए भक्त आतुर दिखे। इस अवसर पर भरत ने भगवान श्रीराम के पैर छुए और आरती उतारी गई। इसके पश्चात सभी श्रद्धालु भगवान श्री राम के भक्तिमय गीतों पर खूब नाचे। इस अवसर पर पार्षद कुलदीप साहनी और पार्षद सचिन शर्मा ने कहा कि भरत मिलाप में जिस तरह भाईयों के अनूठे प्यार को दिखाया गया है। सभी को श्रीराम के आर्दशों को अपनाने के साथ साथ भरत जैसे गुण भी अपनाने चाहिए कोई लोभ लालच ना करके समाज और देश के लिए काम करना चाहिए।

सेंटर फॉर साइट में नई तकनीक शुरू, बिना फ्लैप बनाए नजर सुधारने की प्रक्रिया भी होगी उपलब्ध

फरीदाबाद में पहली बार मोतियाबिंद सर्जरी और दृष्टि सुधार के लिए नई लेजर जेड-8 तकनीक की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आंखों की बीमारियों के इलाज और चश्मे से छुटकारा पाने के लिए अब फरीदाबाद में आधुनिक लेजर तकनीक की सुविधा मिलेगी।

सेंटर फॉर साइट फरीदाबाद में स्विट्जरलैंड में विकसित फेम्टो एलडीवी जेड.8 तकनीक की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही



फरीदाबाद में पहली बार इस तकनीक के माध्यम से लेजर आधारित मोतियाबिंद सर्जरी और बिना फ्लैप बनाए चश्मे का नंबर कम करने वाली क्लियर प्रक्रिया का विकल्प उपलब्ध होगा।

ऑपरेशन से सटीकता के साथ काम करने में मदद मिलती है

मोतियाबिंद होने पर आंख का प्राकृतिक लेंस धुंधला हो जाता है, जिससे देखने में परेशानी होती है। ऑपरेशन के दौरान इस लेंस को हटाकर उसकी जगह कृत्रिम लेंस लगाया जाता है। नई लेजर तकनीक की मदद से ऑपरेशन के दौरान आंख पर सटीक चीरा लगाने, लेंस के आगे की झिल्ली को गोल आकार में खोलने और धुंधले लेंस को छोटे हिस्सों में बांटने जैसे काम किए जा सकते हैं। इससे डॉक्टर को ऑपरेशन के महत्वपूर्ण चरणों में अधिक सटीकता के साथ काम करने में मदद मिलती है। सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के चेयरमैन एवं मेडिकल डायरेक्टर प्रो. डा. महिपाल एस.सचदेव ने कहा कि दुनिया में निकट दृष्टिदोष यानी पास की चीजें साफ और दूर की चीजें धुंधली दिखाई देने की समस्या बढ़ रही है।

एप डेवलपमेंट की विभिन्न तकनीकों पर चर्चा की गई

डीपीजी कॉलेज में मोबाइल ऐप डेवलपमेंट बूटकैंप विद्यार्थियों ने सीखी एप बनाने की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विद्यार्थियों को मोबाइल एप्लिकेशन बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए बूटकैंप आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को एप की रूपरेखा तैयार करने से लेकर उसके डिजाइन, विकास, परीक्षण और लॉन्च करने तक की प्रक्रिया से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का

रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया



आयोजन डॉ. शिप्रा अरोड़ा के नेतृत्व में हुआ। सुश्री प्रीति सैनी और चंचल रोहिल्ला ने समन्वयक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में चंडीगढ़ स्थित प्रैक्टिस बज़ के सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर आईओएस लोचन ने रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह नए विचारों को उपयोगी मोबाइल एप्लिकेशन में बदला जा सकता है।

नई दिल्ली
शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 186
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29.0°C
न्यून. 21.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



6 सोना 1,000 रुपये टूटा, चांदी 10 महीने के निचले स्तर पर

गृहमंत्री शाह ने नेता प्रतिपक्ष राहुल पर किया हमला

भाजपा लगातार चुनाव जीत रही तो कांग्रेस ने 'वोट चोरी' का बहाना लिया, जीते हुए राज्यों पर इनका एक शब्द नहीं निकला

दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर विपक्ष को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस अपनी चुनावी हार को छिपाने के लिए इन मुद्दों का इस्तेमाल कर रही है। दिल्ली में अपने जन्मदिन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने पंजाब में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के कामकाज पर भी सवाल उठाए। शाह ने कहा, भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है और विपक्ष इससे परेशान है। इसीलिए वे 'वोट चोरी' का बहाना बना रहे हैं। राहुल जी, आप 'वोट चोरी' की बात इसलिए करते हैं क्योंकि आप घुसपैठियों के वोटों को बचाना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से पहले भी भाजपा कई राज्यों में चुनाव जीत रही थी।

विपक्षी नेताओं की विदेश यात्रा पर भी सवाल उठाए



मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती

शाह ने कहा कि जब मैं कहता हूं कि भाजपा 30 साल तक सत्ता में रहेगी, तो वे हम पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हैं। वे पूछते हैं कि अमित शाह को चुनाव के नतीजे पहले से कैसे पता होते हैं? शाह यहीं पैदा हुए हैं, यहीं रहते हैं और यहीं मरेंगे। मुझे हर 6 महीने में विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ती। मैं इस देश के लोगों के बीच रहता हूं।

राहुल जी दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

शाह ने कहा कि जब अदालती फैसले आपके पक्ष में आते हैं, तो आप उन्हें निष्पक्ष बताते हैं, लेकिन जब वे आपके खिलाफ जाते हैं, तो आप उन पर सवाल उठाते हैं। राहुल जी, यह दोहरा मापदंड नहीं चलेगा। सियासी पैंतरों और भीड़ से जनादेश को नहीं बदल सकते।

पंजाब में इस बार बनने जा रही एनडीए की सरकार

शाह ने शिरोमणि अकाली दल के साथ भाजपा के गठबंधन को औपचारिक रूप देने का संकेत दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि इस बार पंजाब में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने वाली है। दिल्ली में डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के लॉन्च पर शाह ने यह बात कही।

यमुना की सफाई के लिए 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की शुरुआत की

शाह ने यमुना नदी को साफ करने 8,941 करोड़ की 43 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। शाह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना में प्रवाहित होने वाले सीवर के पानी की मात्रा को कम किया है। उन्होंने संकल्प लिया कि भाजपा सरकार मई 2029 तक दिल्ली में यमुना की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित करेगी।

Inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप



भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को क्राइस्ट चर्च में खेले गए पहले टी20 मैच में 4 विकेट से हरा दिया। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना सबसे सफल रन चेज करते हुए इतिहास रच दिया है। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 225 रन बनाए। भारत ने संजू सैमसन के अर्धशतक, श्रेयस अय्यर और नमन धीर की दमदार पारियों की बदौलत दो गेंद शेष रहते अपना सबसे सफल रन चेज हासिल कर लिया। भारत ने 19.4 ओवर में 6 विकेट पर 230 रन बनाए।

मप्र की एक राज्यसभा सीट पर 12 नवंबर को मतदान

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को मप्र की राज्यसभा सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा की। यह सीट पूर्व केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन के इस्तीफा देने से खाली हुई थी। यह उपचुनाव 12 नवंबर को होगा। मुरुगन ने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 2 अप्रैल, 2030 को समाप्त होने वाला था। चुनाव आयोग के मुताबिक इस सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 2 नवंबर, नामांकन पत्रों की जांच 3 नवंबर और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 5 नवंबर तय की गई है।



राहुल गांधी और सोनिया गांधी बताएं कि 10 जनपथ पर प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल के प्रतिनिधिमंडल के साथ बंद कमरे में क्या बातचीत हुई और क्या कांग्रेस का इस संगठन के साथ कोई समझौता है: भाटिया

राहुल बताएं कि क्या विदेशी संगठनों का उनके कार्यालय या इंडियन ओवरसीज कांग्रेस से कोई संपर्क है: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और राहुल गांधी पर विदेशी संगठनों से संबंधों के जरिए भारत में अराजकता फैलाने और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के आरोप लगाए। उन्होंने फॉक्स न्यूज की डिजिटल जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए 'प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल' और 'इंडियन अलायंस पेरिस' का उल्लेख किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी से 28 अप्रैल 2025 की मुलाकात, समझौते, विदेशी संगठनों से संपर्क तथा विरोध-प्रदर्शनों की फंडिंग के स्रोत पर जवाब मांगे।

भाटिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश के सामने अराजकता, अव्यवस्था और गद्दारी का एक मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं। आज एक प्रतिष्ठित अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट से यह सामने आया है कि किस तरह गद्दारी के तार विदेशी एजेंसियों से जुड़ रहे हैं। ऐसे में, यदि यह पूछा जाए कि इस गद्दार का सरदार कौन है, तो गलत नहीं होगा। हमें यह बात बहुत भारी मन से, पीड़ा और व्यथा के साथ कहना पड़ रहा है



कि यह भारत का दुर्भाग्य है कि देश का नेता प्रतिपक्ष गैर-जिम्मेदार और अपरिपक्व है। हमारे द्वारा सबके समक्ष रखे जाने वाले साक्ष्यों के आधार पर यदि राहुल गांधी को गद्दार और मीर जाफर कहा जाए, तो गलत नहीं होगा। फॉक्स न्यूज की डिजिटल इन्वेस्टिगेशन बताती है कि फ्रांस और कई अन्य देशों में सत्ता परिवर्तन यानी रिजीम चेंज के लिए अराजकता और अव्यवस्था के माध्यम से जो प्रयास हुए, उनके तार भारत में अपरिपक्व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा किए जा रहे विरोध-प्रदर्शनों से जुड़ते हैं। इसका मूल भाव यह है कि नौ देशों में 101 संगठन ऐसा इकोसिस्टम तैयार करते हैं, जिसके माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से नागरिकों द्वारा चुनी गई संवैधानिक सरकारों को सत्ता से हटाने का प्रयास किया जाता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि फॉक्स न्यूज़ की इस रिपोर्ट के अनुसार, यह विरोध-प्रदर्शनों का एक 'रेड-ग्रीन इकोसिस्टम' है। इसमें 'रेड' का अर्थ कम्युनिस्ट समूहों से और 'ग्रीन' का अर्थ इस्लामिस्ट समूहों से है। इस रिपोर्ट का शीर्षक है 'ग्लोबल केओस ग्रोज़ टू 101 ग्रुप्स'। रिपोर्ट के अनुसार, अराजकता फैलाने वाले 101 संगठन नौ देशों में काम कर रहे हैं। यहीं से राहुल गांधी और गांधी परिवार की गद्दारी सामने आती है। सबसे पहले, यह रिपोर्ट 'इंडियन अलायंस पेरिस' नामक फ्रांस-आधारित संगठन का उल्लेख करती है। जब राहुल गांधी भारत में अराजकता फैला रहे थे, तब प्रदर्शन तो केवल एक बहाना था, जबकि असली उद्देश्य अराजकता फैलाना था। 6 अक्टूबर 2026 को, जब राहुल गांधी यह सब कर रहे थे, तब उनका दाहिना हाथ कौन बना? वह था 'इंडियन अलायंस पेरिस', जो एक फ्रांस-आधारित संगठन है। यह संगठन हमारे आंतरिक मामलों में इस हद तक हस्तक्षेप करता है कि जब राहुल गांधी के विरोध-प्रदर्शन के दौरान उन्हें हिरासत में लिया जाता है, जो संवैधानिक और विधिसम्मत कार्रवाई है, तो सबसे पहले वीडियो कौन साझा करता ▶▶शेष पेज 6 पर

राहुल गांधी पार्ट टाइम पॉलिटिशियन और फुल टाइम ट्रैवलर: शिवराज सिंह चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए राहुल गांधी को 'पार्ट टाइम पॉलिटिशियन और फुल टाइम ट्रैवलर' करार दिया है। इंडिया गठबंधन की रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली के दौरान राहुल गांधी के वियतनाम दौरे को लेकर सवाल उठाते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, राहुल गांधी केवल समस्या हैं, समाधान नहीं। शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि, 'रिजीम चेंज गैंग' अराजकता फैलाकर सत्ता हासिल करने के हसीन सपने देख रहा है। लेकिन सवाल केवल सत्ता का नहीं, बल्कि देश के भविष्य का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासी विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए जुटे हैं। ऐसे में विपक्ष के सत्ता हासिल करने के नापाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे।



केंद्रीय मंत्री बोले: रिजीम चेंज गैंग के नापाक मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे, राहुल गांधी केवल समस्या, समाधान नहीं

सिख नरसंहार पर देश से माफी मांगे कांग्रेस: केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 1984 में सिखों के खिलाफ हुई हिंसा का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस ▶▶शेष पेज 6 पर

भारत ने चौथे दिन 26 मेडल जीते

बिना बाजुओं के तीरंदाजी... शीतल ने दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए

एजेंसी ▶▶ नागोया (जापान)

पैरा एशियन गेम्स में गुरुवार को भी भारतीय एथलीटों ने दमदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। भारत की स्टार तीरंदाज शीतल देवी ने एशियन पैरा गेम्स में एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित की। बिना बाजुओं के तीरंदाजी करने वाली 19 साल की शीतल ने दो घंटे से भी कम समय में दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। वहीं, भारतीय पैरा एथलीटों ने ट्रैक एंड फील्ड में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए देश के कुल पदकों की संख्या 88 पहुंचा दी। एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर टी 47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की लॉन्ग जंप टी44/टी62/टी64 स्पर्धा में सोलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2025 में बनाया अपना ही 7.08 मीटर का रिकॉर्ड 7 सेंटीमीटर से बेहतर किया।

पदकों की संख्या 88 पहुंची इसमें 21 गोल्ड 26 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज मेडल



अब तक भारत के खाते में 21 गोल्ड समेत 88 मेडल

भारत ने गुरुवार को अपने पदकों की संख्या 88 तक पहुंचा दी। इसमें 21 गोल्ड, 26 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। दिन की शुरुआत सुवर्णा राज के गोल्ड से हुई। व्हीलचेयर एथलीट ने महिला एफ 54 डिस्कस थ्रो में 15.66 मी का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

28 नवंबर से 12 दिसंबर तक होगा काशी तमिल संगमम का पांचवां संस्करण

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने की पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत, आवेदन की अंतिम तारीख 13 नवंबर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को नई दिल्ली में काशी तमिल संगमम (केटीएस-05) के पांचवें संस्करण के लिए आईआईटी मद्रास द्वारा संचालित पंजीकरण पोर्टल का शुभारंभ किया है। इस वर्ष 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक इसका आयोजन किया जाएगा। केटीएस की थीम 'तिरुक्कुरल पढ़ें-तिरुक्कुरल का अभ्यास करें' होगी और इसमें शिक्षक, विद्यार्थी, लेखक, पेशेवर, कृषक, कलाकार, महिलाएं व आध्यात्मिक विद्वान शामिल होंगे। पांचवें संस्करण ▶▶शेष पेज 6 पर



एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर जोर

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, कार्यक्रम के माध्यम से सरकार तमिलनाडु और काशी के बीच मौजूद सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों का उत्सव मनाते हुए उन्हें एक बार फिर से स्थापित करना चाहती है। यहां यह भी बता दें कि ये दोनों स्थान भारत के प्राचीन ज्ञान और शिक्षा के प्रमुख केंद्रों में शुमार रहे हैं। आयोजन से कहीं न कहीं ▶▶शेष पेज 6 पर

सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग' की पहली झलक आई सामने, 10 नवंबर को होगा वैश्विक प्रकाशन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को अपनी बहुप्रतीक्षित पुस्तक 'बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव' की पहली झलक साझा की। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर भी अपनी शुरुआत की। सोनिया गांधी ने अपनी पहली पोस्ट में पुस्तक को प्रेम, कर्तव्य, बिछड़ने के दुख और अपनेपन की तलाश की कहानी बताया। पुस्तक का वैश्विक प्रकाशन, लॉन्च 10 नवंबर को होना निर्धारित है।

सोनिया गांधी ने अपनी पहली इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि वह अपनी पुस्तक की पहली झलक पाठकों के साथ साझा करते हुए बेहद आभारी हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रेम, कर्तव्य, नुकसान और अपनेपन की तलाश की कहानी है। उन्होंने पुस्तक को पाठकों के साथ साझा करने की उत्सुकता भी जाहिर की।

पुस्तक की पहली झलक के साथ साझा किए गए वीडियो में



इंस्टाग्राम पर पहली पोस्ट में साझा किया संस्मरण का कवर और निजी पलों की झलक, बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ भी नजर आईं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष

सोनिया गांधी किताब के पन्ने पलटती और उसमें छपी तस्वीरों को देखती नजर आईं। इस दौरान उनकी बेटी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी उनके साथ थीं। वीडियो में प्रियंका अपनी मां को मिठाई देती दिखाई दीं। दोनों के बीच आत्मीय क्षण भी देखने को मिले। पुस्तक की प्रतियां मिलने पर ▶▶शेष पेज 6 पर

तरावड़ी से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का आगाज

डेढ़ लाख करोड़ रु. से ज्यादा की सब्सिडी देकर किसानों को राहत दे रही सरकार

हरियाणा को ग्रामीण विकास की बड़ी सौगात: 28,422 गरीब परिवारों के लिए 1,343 करोड़ रु. के पक्के मकान स्वीकृत, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने सौंपी मंजूरी की चिट्ठी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को हरियाणा के ऐतिहासिक कस्बे तरावड़ी (जिला करनाल) से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का औपचारिक शुभारंभ किया। देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों सहित कृषि से जुड़े संस्थानों से वर्चुअली जुड़े लाखों अन्नदाताओं, कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने आगाह किया कि यदि रासायनिक खादों और कीटनाशकों का असंतुलित उपयोग नहीं रुका, तो धरती फसल पैदा करने से इनकार कर देगी और मानव शरीर बीमारियों का घर बन जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक देश के हर गांव में व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। इसके साथ ही ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में उन्होंने हरियाणा के गरीब परिवारों को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 28,422 पक्के मकानों के निर्माण हेतु 1,343.06 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति का पत्र मंच से हरियाणा सरकार के लिए राज्य के कृषि ▶▶शेष पेज 6 पर

ये जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ने ब्रिक्स संसदीय मंच को लेकर हुई प्रेस वार्ता में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष का महाभियोग प्रस्ताव आने पर नियम-प्रक्रियाओं से होगा फैसला: बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर के नाम पर 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के आरोप में विपक्ष के निशाने पर बने हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को दो टूक अंदाज में कहा कि अगर विपक्ष सीईसी को उनके पद से हटाने के लिए महाभियोग का पुनः कोई नया प्रस्ताव लाएगा। तो उस पर संसदीय नियम-प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जाएगा। लोकतंत्र में



सभी को अपने विचार रखने का अधिकार होता है। संसद में इस बाबत जब प्रस्ताव लाया जाएगा, हम उस समय उस पर कार्रवाई करेंगे। यह जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ने 26 से 27 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स संसदीय मंच के पूर्व में संसद भवन में आयोजित की गई एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है। उन्होंने संसद के सत्रावसान को लेकर कहा कि इसके लिए संविधान में एक तय प्रक्रिया है। जिसमें धारा-85 के तहत लोकसभा अध्यक्ष की कोई भूमिका नहीं होती है। प्रेस वार्ता के दौरान बिरला ने कुछ अन्य मामलों पर पूछे गए प्रश्नों के भी उत्तर दिए।

विशेष सत्र की संभावना बरकरार : परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयकों पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के मुद्दे पर बिरला ने कहा कि इस विषय को ▶▶शेष पेज 6 पर

दो बार नाकाम हुआ विपक्ष

यहां बता दें पूर्व में विपक्षी दलों द्वारा दो बार कुमार को पद से हटाने की कोशिश की जा चुकी है। जिसमें उनके पहले प्रयास के दौरान दिए गए नोटिस को लोकसभा और राज्यसभा द्वारा खारिज कर दिया गया था। जबकि दूसरे में सौंपा गया प्रस्ताव अभी भी उच्च सदन यानी राज्यसभा में लंबित है। उधर, संविधान और सीईसी तथा अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों की बात करें तो सीईसी को सिर्फ और सिर्फ संसद के द्वारा ही उनके पद से हटाया जा सकता है। यह प्रक्रिया ठीक वैसी ही होगी जैसी सर्वोच्च न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश को पद से हटाने के लिए अपनाई जाती है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त व अन्य चुनाव आयुक्तों से जुड़े अपॉइंटमेंट कंडीशन ऑफ सर्विस एंड टर्म ऑफ ऑफिस कानून 2023 के तहत उक्त सभी में से कोई कभी भी अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।

खबर संक्षेप

10 लाख के गहने चोरी के मामले में तीन अरेस्ट

नई दिल्ली। शालीमार बाग पुलिस ने एक घर में दिनदहाड़े हुई चोरी के मामले को सुलझा लिया है। लगभग 10 लाख कीमत के गहने चोरी के इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 16.78 ग्राम सोने के गहने और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पकड़ा गया एक आरोपी पहले भी लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट से जुड़े 22 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। वह इलाके का बीसी भी है और उसे जिला बदर भी किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार मामले में पकड़े गये लोगों के नाम राकेश उर्फ राकू, रवि सोनी और विक्रम बताये गये हैं। राकेश उर्फ राकू का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी रवि और विक्रम पहली बार अपराध में शामिल पाए गए हैं। पुलिस के अनुसार यह मामला 10 अक्टूबर को सामने आया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि दिन के समय कुछ अज्ञात लोग उसके घर में घुस आए और लगभग 10 लाख कीमत के आभूषण चुरा ले गए।

चोरी के 38 दोपहिया वाहन बरामद, छह दबोचे

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने व खरीदने वाले गिरोहों का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है और 38 गाड़ियां बरामद की हैं। पुलिस की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने इनकी गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय राजधानी के अलग अलग इलाकों में वाहन चोरी के 41 मामले सुलझाने का दावा किया है। उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट ने बताया कि जिले में लगातार हो रही वाहनों की चोरी को रोकने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी और उसने आरोपियों को पकड़ने के लिए घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

दिलजीत के कार्यक्रम को नहीं मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों और त्योहारों के मौसम का हवाला देते हुए 30 अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के प्रस्तावित संगीत कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशंसकों के जुटने की उम्मीद थी। इस पर आम आदमी पार्टी ने भी पुलिस से अनुमति नहीं मिलने पर सवाल उठाया है। आप का कहना है कि भारतीय युवा दोसांझ को पसंद करते हैं और पंजाब में भी वह लोगों के चहेते हैं।

वाहन चोरों से चार लग्जरी कारें बरामद

नई दिल्ली। रोहिणी जिले की एएटीएस टीम ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनसे चार चोरी की लग्जरी गाड़ियां बरामद की गई। बरामद कारों में सेल्टोस, क्रेटा, ब्रेजा और स्कॉर्पियो-एन शामिल हैं। चोरी की कारों के पुर्जे ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक छोटा टेम्पो भी बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार सेल्टोस कार की चोरी के संबंध में नॉर्थ रोहिणी थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पकड़े गये वाहन चोरों के नाम विजय उर्फ भैया लाल, कमलेश, अमरजीत और अजहर पता चलें। नेटवर्क के बाकी सदस्यों को पकड़ने और चोरी हुए अन्य वाहनों को बरामद करने के लिए आगे की जांच जारी है।

गोविंदपुरी में फायरिंग दो लोग हुये घायल

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी स्थित आशा किरण अपार्टमेंट के सी-ब्लॉक में गोलीबारी की घटना सामने आई है। अचानक हुई फायरिंग से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। इस घटना में दो लोगों के घायल होने की सूचना है। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुये दोनों लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार यह घटना बुधवार रात करीब 12 बजे हुई। इसमें 46 वर्षीय संजू उर्फ बेजदारी और 47 वर्षीय मंसूर को गोली लगी है। इसी हमले में एक अन्य युवक को चाकू भी मारा गया है। घटना के दौरान मौके पर भारी गोलीबारी हुई। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने लगभग 20 राउंड फायरिंग की, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

नाबालिगों से बिकवाते थे हेरोइन की पुड़िया

मादक पदार्थ तस्करी गिरोह से जुड़े तीन और पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तरी जिला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़े तीन और लोगों को पकड़ा है। पुलिस जांच में पता चला कि गिरोह के सदस्य बुराड़ी इलाके में नाबालिगों के जरिए हेरोइन की पुड़िया बिकवाते थे।

डीसीपी निहारिका भट्ट के अनुसार इससे पहले कश्मीरी गेट इलाके से बीते 12 अक्टूबर को अच्छे बाबू और जाहिद नाम के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। अब उनकी निशानदेही पर नाबालिग और एक दंपति को पकड़ा गया है। पुलिस ने इनके एक ठिकाने से 321 ग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ भी बरामद किया है। आरोपियों ने अपने घर पर ही हेरोइन रखी थी और इसका वितरण करने के लिए 16 वर्षीय लड़के का इस्तेमाल करते थे। जबकि मादक पदार्थों के परिवहन और आपूर्ति के लिए कथित तौर पर एक टैक्सी का इस्तेमाल किया गया था। अच्छे बाबू की निशानदेही पर पुलिस ने 18 अक्टूबर को बुराड़ी के अमृत विहार से 16 वर्षीय लड़के को भी हिरासत में लिया और उसने बताया कि वह शिव शंकर उर्फ गेल्ला और उसकी पत्नी ओम्नी मिश्रा उर्फ प्रिया के कहने पर हेरोइन बेचता था। नाबालिग की निशानदेही पर बुराड़ी के एक फ्लैट पर मारे गए छापे में 321 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसके बाद शिव शंकर (26) और उसकी पत्नी (26) को इस मामले में पकड़ा गया। इस मामले में पकड़े गए लोगों की कुल संख्या छह हो गई है जिनमें एक नाबालिग और एक अफ्रीकी नागरिक भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कुल बरामदगी में 411 ग्राम हेरोइन, 22.1 ग्राम कोकीन और 15.3 ग्राम एमडीएमए शामिल है। मादक पदार्थों के स्रोत का पता लगाने, उनकी खरीद और वितरण में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए जांच जारी है। पुलिस इस तस्करी गिरोह से जुड़े वित्तीय लेनदेन की भी जांच कर रही है।

इलेक्ट्रिक स्कूटी और बाइक में लगी आग भाई बहन को बचाया

नई दिल्ली। शाहदरा के बलबीर नगर एक्सटेंशन में बुधवार देर रात एक इलेक्ट्रिक स्कूटी और एक मोटरसाइकिल में आग लग गई। इस आग में फंसे दो नाबालिगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

दिल्ली दमकल सेवा के अनुसार आग देर रात करीब 1:50 बजे लगी, जिसके बाद अग्निशमन सेवा ने तुरंत मौके पर दमकल की छह गाड़ियां भेजीं। जब इमारत में धुआं फैला तो भाई बहन दक्ष (16) और काव्या (15) भूतल के एक कमरे में फंस गए थे और टीम के एक सदस्य ने उन्हें निकाला। बाद में दोनों बच्चों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि दोनों नाबालिगों की हालत सामान्य है। पुलिस ने बताया कि इस आग की चपेट में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी और एक मोटरसाइकिल आ गई थी तथा आग पर देर रात 2:10 बजे काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

फटे नोट को लेकर मारपीट के बाद डिलीवरी ब्वॉय ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में फटे नोट को लेकर दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के एक दिन बाद 24 वर्षीय डिलीवरी ब्वॉय ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित आरोप भी जोड़े हैं।

पुलिस के अनुसार समीर हुसैन पर चार अक्टूबर की रात पूर्वी विनोद नगर के रहने वाले दो लोगों ने हमला किया था। हुसैन ने फटा हुआ नोट स्वीकार करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद दोनों ने उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनके नाम राकेश उर्फ बंटी (30) और रामपाल सिंह (65) बताये गये थे। पुलिस के मुताबिक चार अक्टूबर को रात 11 बजकर तीन मिनट पर इस घटना के संबंध में पीसीआर कॉल हुई थी। हुसैन ने सूचना दी थी कि आरोपियों ने फटे नोट को लेकर उस पर हमला किया है। इसके बाद देर रात हुसैन की एमएलसी तैयार की गई और उसी दिन कल्याणपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में हुसैन ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने घटना के बारे में अपना पक्ष बताया था। पुलिस को बाद में सूचना मिली कि हुसैन ने जहरीला पदार्थ खा लिया है और उसे पांच अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि 20 अक्टूबर को हुसैन की मौत हो गई, जिसके बाद केस में बीएनएस की धारा 108 जोड़ दी गई है। यह धारा आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित है।

त्रिपुरा के युवक के साथ नस्लीय व्यवहार करने के आरोप में 'कंटेंट क्रिएटर' किया अरेस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने त्रिपुरा के युवक के साथ कथित रूप से नस्लीय व अपमानजनक व्यवहार करने के आरोपी 'कंटेंट क्रिएटर' को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे पहले पुलिस ने घटना की वायरल वीडियो का स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया था।।

उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट ने बताया कि कंटेंट क्रिएटर अमीर शौकीन सदर बाजार क्षेत्र का एक बुरे चरित्र (बीसी) का व्यक्ति है और पहले भी झगड़े के कई मामलों में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने उसे करोल बाग इलाके से गिरफ्तार कर लिया है।

दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई कथित नस्लीय दुर्व्यवहार के वायरल वीडियो की जांच कर रही है।

अधिकारियों ने बताया कि 'पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए विशेष पुलिस इकाई' (एसपीयूएनईआर) ने आईएफएसओ इकाई को औपचारिक रूप से पत्र लिखकर वीडियो की जांच करने के लिए कहा है। इससे पहले पुलिसकर्मियों ने आमिर शौकीन नाम के कंटेंट क्रिएटर के आवास का भी दौरा किया लेकिन वह वहां नहीं मिला। यह घटनाक्रम सोशल मीडिया पर वीडियो की व्यापक निंदा के बीच सामने आया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने इस घटना के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रीजीजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरोपी को सजा भुगतनी होगी और दिल्ली तथा त्रिपुरा की पुलिस उसे 'कड़ा सबक' सिखाएगी। मंत्री ने कहा कि इस बुरे व्यक्ति को सजा मिलेगी। आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने में थोड़ी देर हुई लेकिन दिल्ली पुलिस और त्रिपुरा पुलिस उसे कड़ा सबक सिखाएंगी।

मानसिक बीमारी के कारण अपहरण के आरोपी को मुकदमे की कार्यवाही से किया मुक्त

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने अपहरण के एक मामले के आरोपी को 'शिजोफ्रेनिया' (एक गंभीर मानसिक बीमारी) से पीड़ित पाए जाने के बाद उसे मुकदमे की कार्यवाही से मुक्त कर दिया। अदालत ने यह फैसला चिकित्सा बोर्ड द्वारा आरोपी को मुकदमे का सामना करने के लिए मानसिक रूप से अस्वस्थ पाए जाने के बाद सुनाया। इसके साथ ही अदालत ने निर्देश दिया है कि आरोपी उपचार के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र में ही रहेगा। शिजोफ्रेनिया एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य विकार है जो किसी व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इससे पीड़ित व्यक्ति का अक्सर वास्तविकता से संपर्क टूट जाता है। महेंद्र सिंह के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरगुरविंदर सिंह जग्गी ने 'इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज' (आईएचबीएएस) की मेडिकल रिपोर्ट के मद्देनजर कहा कि सिंह आरोपों और कानूनी कार्यवाही के नतीजों को समझने में असमर्थ हैं तथा वह अपना बचाव भी नहीं कर सकता। अदालत ने 15 अक्टूबर के एक आदेश में कहा, ₹यह अदालत पूरी तरह से संतुष्ट है कि आरोपी महेंद्र सिंह मुकदमे का सामना करने की स्थिति में नहीं हैं। कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक सुरक्षा उपायों के अधीन उसे अभियोजन से मुक्त किया जाना पूरी तरह उचित है। यह मामला 13 अक्टूबर 2000 का है, जब मालवीय नगर थाने में सुभाष चंद बत्रा और उनके वाहन चालक संतोष कुमार के कथित अपहरण को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपी के परिवार ने उसके इलाज व सुरक्षा को लेकर असमर्थता जताई थी जिसके बाद अदालत ने उसे उसके परिवार को सौंपने से इनकार कर दिया।

भाजपा सरकार द्वारा कलाकार दोसांझ को दिल्ली में शो को अनुमति नहीं देना दुर्भाग्यपूर्णः भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गायक दिलजीत दोसांझ के शो पर रोक लगाने के मुददे पर आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने तीखा हमला बोलते हुए कहा भाजपा को पंजाबियों से इतनी नफरत क्यों है। दिलजीत दोसांझ जैसे कलाकर को भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली में शो की अनुमति नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि उत्तराखंड में गायक दिलेर मेहंदी के बाद दिल्ली में पंजाब की एक और बड़ी हस्ती का अपमान किया जा रहा है। भारद्वाज ने कहा कि किसानों-छात्रों की आवाज उठाने की वजह से दिलजीत दोसांझ के शो को सरकार ने अनुमति नहीं दी है। यह भाजपा सरकार का संदेश है कि जो उसके खिलाफ बोलेगा, उसका काम-धंधा बंद करा दिया जाएगा। भारद्वाज ने कहा कि कंगना रनौत के साथ भी सोशल मीडिया पर उनकी काफी नोकझोंक हुई थी। जब उन्होंने पंजाब के आतंकवाद और पुलिस की बर्बरता पर सतलुज फिल्म बनाई, तो उसे भी सरकार ने यहां बैन कर दिया, जो कि बड़ा अप्रत्याशित था। इसके बावजूद पंजाब के लोगों ने घरों और मोहल्लों में स्क्रीन लगाकर उस फिल्म को देखा। वहीं तिलक नगर से आप विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि यह सुरक्षा का मसला है या सिर्फ एक बहाना। सुरक्षा के नाम पर दिलजीत दोसांझ के 30 अक्टूबर के शो की परमिशन क्यों रद्द की गई। अगर सुरक्षा की चिंता थी, तो सही प्लानिंग के साथ इस मुद्दे को सुलझाया क्यों नहीं गया। कलाकार और म्यूजिक लवर कन्फ्यूजन नहीं, बल्कि स्पष्टता के हकदार हैं और जनता को जवाब चाहिए।

अदालत ने साइबर धोखाधड़ी गिरोह का हिस्सा होने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने संगठित साइबर अपराध गिरोह का हिस्सा होने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि मामले में कथित तौर पर ठगी गई 20 लाख रुपये से अधिक की रकम अभी बरामद की जानी बाकी है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजिंदर कुमार ने करण की जमानत याचिका खारिज कर दी। करण को साइबर पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि इस साल मई में उसकी पिछली जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद से कोई नया आधार सामने नहीं आया है। अदालत ने 15 अक्टूबर के आदेश में कहा, ₹आरोपों की गंभीर प्रकृति, अपराध की गंभीरता, आरोपी की बताई गई भूमिका और इस तथ्य को देखते हुए कि गवाहों के बयान अभी दर्ज किए जाने बाकी हैं, मैं इस चरण में आरोपी को जमानत देने के पक्ष में नहीं हूं।₹ अदालत ने कहा कि आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है, लेकिन आरोप अभी तय किए जाने बाकी हैं। उसने कहा कि आरोप गंभीर हैं और आरोपी ने कथित तौर पर अपराध में अहम भूमिका निभाई थी। करण 22 अगस्त, 2025 से न्यायिक हिरासत में है। जमानत याचिका का विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि करण 'फ्रीलांस अकाउंटेंट' के रूप में काम करता था। इसी दौरान विकास नाम के एक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और उसे कई बैंक खातों तथा जीमेल आईडी का प्रबंधन करने के लिए एक मोबाइल फोन और लैपटॉप दिया। इसके बदले उसे हर महीने 20,000 रुपये दिए जाते थे। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि करण ठगी की रकम को निकालने में शामिल एक संगठित साइबर अपराध गिरोह का हिस्सा था। उसने यह आशंका भी जताई कि जमानत पर रिहा होने पर वह इसी तरह के अपराध दोबारा कर सकता है या गवाहों को धमका सकता है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि करण को झूठे मामले में फंसाया गया है, उपकरण उसके नहीं थे और जांच अधिकारी ने रिपोर्टों में हेरफेर की थी। उसने यह भी कहा कि आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है और मुकदमे की सुनवाई पूरी होने में काफी समय लगेगा।

समन्वित उपायों पर दिया जोर

वायु प्रदूषण को लेकर यातायात पुलिस की अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



यातायात पुलिस की ग्रेप और सीएक्यूएम के निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इसमें वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध, बॉर्डर पर सख्ती और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए समन्वित उपायों पर जोर दिया गया।

ग्रेप चरण-1 लागू होने और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता को देखते हुए गुरुवार को विशेष पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक) अजय चौधरी की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संबंधित विभागों, नागरिक एजेंसियों और पड़ोसी राज्यों व जिलों के पुलिस अधिकारियों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि सीएक्यूएम के निर्देशों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए और उन्हें समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए। रियल टाइम समन्वय, निर्देशों को साझा करने और विभिन्न एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई की निगरानी के लिए एक समर्पित व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्णय लिया गया। नियमों का पालन न करने वाली इंटर सिटी और इंटरस्टेट बसों के दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश को रोकने पर विशेष जोर दिया गया। ऐसी बसों को बॉर्डर पर ही दूसरी दिशा में मोड़ दिया जाना चाहिए, क्योंकि दिल्ली में प्रवेश करने के बाद उन्हें मोड़ने से ट्रैफिक जाम होता है और प्रदूषण भी बढ़ता है। लागू निर्देशों के अनुसार, निर्धारित शर्तों के अधीन केवल ईवी, सीएनजी और बीएस-6 डीजल बसों को ही अनुमति है। बैठक में एक नवंबर से 31 जनवरी 2027 तक दिल्ली के बाहर पंजीकृत वाहनों पर लागू प्रवेश प्रतिबंधों की भी समीक्षा की गई। यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली की सीमाओं पर बड़े बोर्ड लगाए जाएं, जिन पर स्पष्ट रूप से लिखा हो कि प्रतिबंधित वाहनों, जिनमें निर्धारित उत्सर्जन मानकों को पूरा न करने वाले और छूट की श्रेणी में न आने वाले वाहन शामिल हैं को दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सीमाओं पर संयुक्त प्रवर्तन टीमें भी गठित की जा सकती हैं।

प्रतिबंधित पटाखों की आपूर्ति करने वाला गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस ने प्रतिबंधित पटाखों की आपूर्ति करने के आरोप में 35 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 57 किलोग्राम से ज्यादा पटाखे बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस प्रतिबंधित पटाखों की आपूर्ति रोकने के लिए काम कर रही है और इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को अशोक नगर इलाके से विशाल नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके पास से 57.8 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी पर पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

दिल्ली ट्रांस्को लि. (राराक्षे दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

निविदा संख्या T25P090663 : टर्नकी आधार पर 400 केवी सब स्टेशन बवाना में 220/33/11 केवी, 100 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर की टरटियरी वाइंडिंग के लोडिंग हेतु सम्बद्ध सिविल कार्य सहित 11 केवी उपकरणों और 11/0.433 केवी, 1000 केवीए वितरण ट्रांसफॉर्मर के साथ-साथ 33केवी उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन।

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :- https://govtprocurement.delhi.gov.in निविदा आईडी सं. : 2026_DTL_300341_1) और www.dtl.gov.in के साथ यूनिक नं. डीटीएल DTL-0203-221026.

बोली जमा करने हेतु अंतिम तिथि : 08.12.2026 अप. 01.30 बजे।

इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन/ विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरण इत्यादि केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।

अभियुक्ता की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. /84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीदा मलिक उर्फ संगीता** पत्नी मोहम्मद आसिफ निवासी मकान नं. एफ–169, गली नं. 3, दिलशाद मस्जिद, पुराना मुस्तफाबाद, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 289/2018 धारा 448/380/411/174ए/34 भा.द.स., थाना गोकलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजीदा मलिक उर्फ संगीता** मिल नहीं रही है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजीदा मलिक उर्फ संगीता** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. /84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 289/2018 धारा 448/380/411/174ए/34 भा.द.स., थाना गोकलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्ता **संजीदा मलिक उर्फ संगीता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.12.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसारः **सुश्री इसरा ज़ैदी,**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04, (उत्तर–पूर्व)
कमरा नं. 64, चौथा तल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/15157/NE/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) दिलीप तोमर, मेसर्स भावना एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर,** देखरेख में **सुश्री काम्यावती तोमर, (2) अनीता निवासी आरज़ेड-669/31, गली नं. 19, साध नगर-II, पालम, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर सं. **1941, 1942/2022 अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना हरी नगर, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) दलीप तोमर (2) अनीता** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) दलीप तोमर (2) अनीता** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **1941, 1942/2022 अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना हरी नगर, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) दलीप तोमर (2) अनीता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित कर्ण सिंह
महानगर न्यायाधीश-08 (पश्चिम)
कमरा नं. 30, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/14921/WD/2026
(Court Matter)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

सार्वजनिक सूचना / लावारिश शव की पहचान

हुलिया – रंग गेहुआँ, गोल चेहरा, कद 5 फुट 4 इंच, शरीर पानी में डूबने के कारण फूला हुआ, दाहिने हाथ में लोहे का कड़ा पहने हुए, उम्र लगभग 55-60 साल, नग्न शरीर ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.10.2026 को घिकाड़ा पंप हाऊस, चरखी दादरी पर पानी में एक शव बरामद हुआ। उक्त अज्ञात शव की कोई पहचान नहीं हो सकी है। यदि किसी व्यक्ति को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो अथवा इसकी पहचान करता हो, तो कृप्या तत्काल निम्नलिखित पते/फोन नंबर पर संपर्क करें।



पुलिस प्रवक्ता चरखी दादरी,
कृते पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी
SHO थाना सदर, चरखी दादरी 7419301105
HC ओमबीर, थाना सदर चरखी दादरी- 9729117222
पीआरडीएच-1084/11/5515/2027/50437/88/7 दि. 22.10.26

खबर संक्षेप

एनडीएमसी नेहरू पार्क में आयोजित करेगी शास्त्रीय संगीत संध्या

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) स्पिक मैके और एसआरएफ फाउंडेशन के सहयोग से दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित नेहरू पार्क में रविवार को शाम 6 बजे शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन करेगी। संगीत संध्या की शुरुआत शाहिद परवेज के सितार से होगी, जिसमें मिथिलेश झा संगत करेंगे, जिसके बाद सिद्धार्थ बेलमन्नू (हिंदुस्तानी गायन) की प्रस्तुति होगी, जिनके साथ अमेय नितिन बिचू और तेजोवृष जोशी संगत करेंगे। नेहरू पार्क में कार्यक्रम के लिए प्रवेश सभी के लिए निशुल्क है। गौरतलब है कि एनडीएमसी का कहना है कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से शहरी जीवन को समृद्ध बनाना, भारत की समृद्ध संगीत विरासत को बढ़ावा देना और महानगरीय शहरों के निवासियों को उनकी दिन-प्रतिदिन की बढ़ती व्यस्त दिनचर्या के तनाव और एकरसता से एक तरोताजा राहत प्रदान करना है।

कला और संस्कृति को बढ़ावा देना एनडीएमसी अधिनियम-1994 की धारा 12 के तहत परिषद के कार्यों में से एक है। यह प्रावधान परिषद को कला और संस्कृति को संग्रहालयों और सभागारों की चारदीवारी से बाहर निकालकर खुले में लाने की जिम्मेदारी देता है, जहां आम जनता भाग ले सके।

ब्लू लाइन पर कुछ समय के लिए मेट्रो सेवाएं हुई प्रभावित

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन (द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी-वैशाली) पर गुरुवार सुबह के समय आई सिग्नलिंग की समस्या के कारण द्वारका-काकरोला और राजेंद्र प्लेस मेट्रो स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाओं में देरी हुई। डीएमआरसी ने सुबह करीब साढ़े नो बजे अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करके यात्रियों के बताया कि ब्लू लाइन पर सिग्नलिंग केबल्स को नुकसान पहुंचने के कारण आज मेट्रो सेवाएं प्रभावित हैं। जबकि अन्य लाइनों पर सभी सेवाएं पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रही है। वहीं बाद में 10 बजे डीएमआरसी ने पुन सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी कि ब्लू लाइन पर सेवाएं सामान्य हो गई है।

महापौर ने सदन को अगली कार्रवाई तक किया स्थगित

सदन बैठक में हुआ हंगामा नेता विपक्ष ने तोड़ा माइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम की साधारण सभा के बीच गुरुवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ, बात हाथापाई की नौबत तक पहुंच गई। कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश व नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग के बीच हुई तीखी नोक झोंक तथा आप पार्षद शुगुफ्ता जुबेर चौधरी में आपसी विवाद के बाद माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग व शगुफ्ता जुबेर चौधरी ने महापौर के सामने रखा माइक तोड़ने की भरपूर कोशिश की, जिसके बाद पूरा सदन ही हंगामे का अखाड़ा बन गया।

आप की महिला कई अन्य महिला पार्षद महापौर की कुर्सी तक पहुंच गई और उन्हें घेर लिया। इसी मारपीट जैसे हालात के बीच सदन में तैनात मार्शलों ने जैसे तैसे महापौर प्रवेश वाही को सुरक्षित बाहर निकाला। लेकिन चंद मिनट बाद हंगामे के बीच ही महापौर वाही पुन सदन में वापस आए और प्रस्ताव आदि पारित करते हुए सदन को अगली कार्रवाई तक स्थगित कर दिया।

दरअसल सदन की कार्यवाही हर बार की तरह मामूली नोक झोंक को लेकर शुरू हुई। चर्चा शुरू होने से पहले ही विपक्षी दल के पार्षदों ने विकास निधि का मामला उठाया। पक्ष-प्रतिपक्ष की नोंकझोक के बीच महापौर ने विकास निधि की राशि को दिपावली से पहले 25 लाख रुपये जारी करने की बात कही। लेकिन प्रमुख विपक्षी दल के आप के पार्षद 50 लाख की मांग को लेकर शोर शराबा करने लगे। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने चर्चा विपक्ष से शुरू कराने की बात कही। लेकिन विपक्ष की ओर से चर्चा के लिए प्रस्ताव न देने की वजह से नेता सदन ने पहले चर्चा की।

अनुशासन कमेटी को की शिकायत, जल्द फैसला लेगी समिति

सदन में हुए इस भारी हंगामे की शिकायत पार्षदों के लिए बनी अनुशासन कमेटी को कर दी है। जल्द ही कमेटी पूरे मामले की जांच पड़ताल करेगी और डीएमसी एक्ट के तहत जो भी उचित कार्रवाई होगी वह करगी। जानकारी अनुसार डीएमसी एक्ट में ऐसे कृत्यों के लिए दोषी पार्षदों को सदन की एक बैठक से निलंबित करने का प्रावधान है। जाहिर है ऐसे में दोषी पार्षदों को सदन की एक बैठक से निलंबित किया जा सकता है।

'मैं भी मुसलमान हूं, बोलने नहीं दिया इसलिए माइक छीना'

शुगुफ्ता जुबैर चौधरी ने नाजिया दानिश के मैं मुसलमान हूं वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मैं भी तो मुसलमान ही हूं। मैं माइक इसलिए छीन रही थी ताकि मुझे बोलने दिया जाए। जब महापौर आसन पर बैठकर नाजिया दानिश की बात का विरोध नहीं करेंगे तो हम क्या करें। ऐसे सदन नहीं चलना चाहिए जहां महिलाओं का सम्मान न हो। चाहे आम आदमी पार्टी की महिला हो या भाजपा की, अगर उनका अपमान होगा, तो हम सदन बिल्कुल नहीं चलने देंगे।

शुगुफ्ता जुबेन ने महापौर के सामने रखे कागज आदि हवा में फेंके

महापौर की व्यवस्था के बाद कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने बोलते हुए आम आदमी पार्टी पर निशाना साधना शुरू कर दिया। नाजिया दानिश ने कहा कि आप पार्टी के शासनकाल में दो-दो महापौर हुए, लेकिन वे स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं करते थे, बल्कि किसी को जेल से चलाया गया तो किसी को कोई ओर चलाता रहा। इसी बीच नाजिया दानिश ने आप की शुगुफ्ता जुबेर चौधरी पर कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल होने को लेकर टिप्पणी कर दी। इससे नाराज होकर शुगुफ्ता जुबेर चौधरी ने पहले तो नाजिया दानिश से माइक छीनने की कोशिश की। लेकिन बाद में गुस्से में शुगुफ्ता सीधा महापौर वाही के आसन पर उनकी कुर्सी के ठीक बगल में पहुंच गई और सामने रखे कागज आदि हवा में फेंक दिये और महापौर से उनका माइक भी छीन लिया। इतने में आप के अन्य पार्षद भी महापौर के आसन पर पहुंच गये। सदन के बाद नाजिया ने कहा कि उन्होंने कोई गलत बात नहीं बोली थी। नेता प्रतिपक्ष कभी भी जनहित मुद्दों को सदन में उठाने ही नहीं देते। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष अधिकांश समय दिल्ली से बाहर ही रहते है। नाजिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष व उनके पार्षदों पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

अंकुश नारंग ने नाजिया पर लगाया आरोप, बताया भाजपा की एजेंट

इसी बीच नीचे खड़े नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने अपने पार्षदों को रोकने की बजाए आपा खो दिया ओर महपौर जिस माईक पर बोल रहे थे उसे ही छिनकर तोड़ने की कोशिश करने लगे। हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने रोकने की कोशिश की लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके और नांरग ने माइक नीचे फेंक दिया। इसके बाद भी नारंग नाजिया पर आरोप लगाते रहे कि वह भाजपा की एजेंट है और उनके लिए कार्य कर रही है। नारंग ने भाजपा पर भी आरोप लगाए कि वह कांग्रेस की नाजिया का खुलकर बचाव कर रहे है। सदन के बाहर आकर नारंग ने मांग की है कि नाजिया को सदन में अपने कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। नारंग ने मांग की है कि नाजिया को सदन से निलंबित भी किया जाना चाहिए।

फंड दो करोड़ देने की जगह अब तक मिले केवल 50 लाख : नारंग

अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा ने हर पार्षद को 2 करोड़ का फंड देने का वादा किया, लेकिन 7 महीने बाद भी सिर्फ 50 लाख दिए। दिवाली सिर पर है, फिर भी बाकी फंड देने का भाजपा पर कोई ठोस प्लान नहीं। आप पार्षद जनता के हक़ की आवाज़ उठाते हैं, तो भाजपा के इशारों पर कांग्रेस मुद्दों से भटकाने के लिए व्यक्तिगत टिप्पणियां और अभद्र भाषा का प्रयोग करते है।

डीडीए ने हेरिटेज और नेचर वॉक के लिए इनटैक से किया समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- यह वॉक 24 अक्टूबर 2026 को महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क से शुरू होगी

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने नेचर वॉक के लिए गुरुवार को इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटैक), दिल्ली चैप्टर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। डीडीए ने कहा कि ये गाइडेड वॉक लोगों को शहर की समृद्ध ऐतिहासिक, स्थापत्य, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को जानने और सराहने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इस महीने की शुरुआत में, दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने संजय वन में एक 'हेरिटेज वॉक' का नेतृत्व किया, जिसमें दिल्ली के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस समझौते के तहत हर महीने दो 'हेरिटेज और नेचर वॉक' आयोजित की जाएंगी। इस पहल की शुरुआत 24 अक्टूबर 2026 को शाम 4 बजे महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क में होने वाली 'हेरिटेज वॉक' से होगी। इसमें भाग लेने वालों को पार्क की ऐतिहासिक संरचनाओं, वास्तुकला की विशेषताओं और कम जानी-मानी कहानियों के बारे में बताया जाएगा, जिससे उन्हें दिल्ली के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर मिलेगा।

आप ने लगाए यमुना सफाई के टेंडर में भ्रष्टाचार के आरोप

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने यमुना सफाई के मुद्दे पर सवाल उठाते हुए कहा कि टेंडर होने से पहले अगर कोई कंपनी कार्य शुरू करती हे तो इसका मतलब भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जल बोर्ड में भ्रष्टाचार करने के लिए एक काम के चार टेंडर जारी हुए है। उन्होंने नियमों को दरकिनार कर यमुना में झाग को खत्म करने के लिए डीफोमिंग का टेंडर देने को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने भ्रष्टाचार करने के लिए एक ही काम के 4 टेंडर किए है। क्योंकि एक टेंडर बड़ा हो जाता और सरकार को डीजेबी के मेंबर वाटर से मंजूरी लेनी पड़ती। उन्होंने कहा कि कंपनियों को टेंडर भरने के लिए भी 21 दिन के बजाय सिर्फ 5 दिन का समय दिया गया। यहीं नहीं, प्री-बिड मीटिंग के लिए बहुत कम समय दिया गया, ताकि चहेती कंपनी के अलावा दूसरी कंपनियां भाग न ले सके। इस तरह सरकार से सेटिंग के चलते आइकॉन कंपनी ने टेंडर खुलने से पहले ही अपना सेटअप लगा दिया। भारद्वाज ने कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, तब से टेंडर के अंदर बड़े स्तर पर गड़बड़ियां की जा रही हैं। 700 करोड़ रुपए के स्वास्थ्य घोटाले में उन्होंने कहा कि ठेकेदार के साथ मिलकर टेंडर इस तरीके से बनाए जाते हैं कि पहले से ही तय हो जाता है कि किस ठेकेदार को यह टेंडर देना है। इसी हिसाब से टेंडर बनाया गया था और यह बात एसीबी ने अपनी एफआईआर में भी कही थी।



एलजी ने किया द्वारका सेक्टर 23 थाने का औचक निरीक्षण, की नागरिक सेवाओं की समीक्षा

नई दिल्ली। उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को सेक्टर-23 स्थित द्वारका पुलिस थाने का औचक निरीक्षण कर परिचालन तत्परता, पुलिसिंग अवसंरचना और नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। इस दौरान पुलिसकर्मियों से संवाद किया तथा जन-शिकायत निवारण तंत्र, आपातकालीन प्रतिक्रिया तैयारियों और स्थानीय निगरानी (सर्विलांस) प्रणालियों का आकलन किया। इस बात की जानकारी उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से दी है। इस समीक्षा का मुख्य केंद्र बिंदु नागरिकों से जुड़े प्रत्यक्ष परिणाम रहे, जैसे शिकायतों का त्वरित समाधान, आपातकाल में समयबद्ध सहायता, अधिक सुरक्षित क्षेत्र तथा जनता के साथ सम्माजनक व पारदर्शी व्यवहार। आमजन का विश्वास सुदृढ़ करने और पुलिस व्यवस्था के माध्यम से नागरिकों की दैनिक सुरक्षा में ठोस व स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय गश्त, समयबद्ध त्वरित प्रतिक्रिया तथा जवाबदेह सेवा वितरण पर विशेष बल दिया।

विट्ठलभाई पटेल की 93वीं पुण्यतिथि पर विजेंद्र गुप्ता ने अर्पित किए पुष्प

नई दिल्ली। भारत की संसदीय स्वतंत्रता का उद्घोष, देश की आजादी से बहुत पहले ही हो चुका था। यह बात गुरुवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने वीर विट्ठलभाई पटेल की 93वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका 'विधान चेतना' के विशेष स्मृति अंक 'वीर विट्ठलभाई पटेल स्मरणांजलि अंक' का विमोचन करने के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि वीर विट्ठलभाई पटेल केंद्रीय विधान सभा के प्रथम निर्वाचित भारतीय अध्यक्ष थे। ऐतिहासिक पुराने सचिवालय में आयोजित इस स्मृति कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारी, विशिष्ट अतिथि तथा विधानसभा के युवा संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत आए स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि वीर विट्ठलभाई पटेल ने यह सिद्ध किया कि औपनिवेशिक शासन के दौरान भी विधायिका के अधिकारों को सरकार की इच्छा के अधीन नहीं किया जा सकता और सदन के पीठासीन पद की गरिमा को राजनीतिक दबाव से परे रखा जाना चाहिए। विट्ठलभाई पटेल को भारत की संसदीय परंपराओं के प्रमुख शिल्पकारों में से एक बताते हुए गुप्ता ने कहा कि उनके निर्भीक नेतृत्व ने निष्पक्षता, प्रक्रियागत अनुशासन और संस्थागत स्वतंत्रता की ऐसी स्थायी परंपराएं स्थापित कीं, जो आज भी लोकतांत्रिक विधायिकाओं का मार्गदर्शन करती हैं।

दिल्ली मेट्रो लगाएगा 991 स्थानों पर 28 हजार से अधिक पौधे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) फेज-4 गलियारे के निर्माण के लिए काटे जाने वाले पेड़ों की क्षतिपूर्ति के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 991 स्थानों पर 28,000 से अधिक पौधे लगाएगा। यह पौधारोपण मुख्य रूप से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पार्कों में किया जाएगा।

डीएमआरसी के अनुसार, यह पौधारोपण अभियान रिठाला-कुंडली गलियारे के रिठाला-बवाना औद्योगिक क्षेत्र खंड के निर्माण से जुड़ा हुआ है और इस कार्य के लिए निविदा जारी की गई है, जिसकी अनुमानित लागत 291.80 लाख रुपये है। इस परियोजना के तहत कुल 28,454 पौधे लगाए जाएंगे, जिससे दिल्ली भर में एमसीडी के पार्कों में हरियाली बढ़ेगी। 'दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1994' के तहत अनिवार्य 'प्रतिपूरक पौधारोपण' के तहत ये पौधे नगर निगम के स्वामित्व वाले क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। निगम के अनुसार, पौधारोपण का काम तीन महीने के भीतर पूरा किया जाना है, जिसके बाद छह महीने तक इनकी देखभाल की जाएगी।

सरकार ने वेस्ट दिल्ली के अंदरूनी इलाकों में तैनात की 14 कैट्स एम्बुलेंस

घनी आबादी वाले इलाके उत्तम नगर, नांगलोई, रणहोला समेत वेस्ट दिल्ली के कई इलाकों में आपातकालीन सेवाओं को मिलेगी मजबूती : पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर वेस्ट दिल्ली में 14 सेंट्रलाइज्ड एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सर्विसेज (कैट्स) एम्बुलेंसों की तैनात की हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पूरे जिले में आपातकालीन मेडिकल सहायता की उपलब्धता और पहुंच को और ज्यादा बेहतर बनाना है। इसके तहत विशेष रूप से घनी आबादी वाले इलाकों और बड़े भौगोलिक क्षेत्र में फैले इलाकों पर विशेष तौर पर ध्यान दिया गया है। ये एम्बुलेंस दिल्ली के विकासपुरी, उत्तम नगर, नांगलोई, रणहोला, दिचाऊ कलां और वेस्ट दिल्ली के अन्य इलाकों को कवर करेंगी, जिससे जरूरतमंद मरीजों तक आपातकालीन मेडिकल सहायता जल्दी पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य घनी आबादी वाले इलाकों में भीड़-भाड़ के समय पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने में आने वाली चुनौतियों से निपटना है, जहां ट्रैफिक जाम और अधिक जनसंख्या के कारण एम्बुलेंस के पहुंचने में देरी हो सकती है।

यह तैनाती दिल्ली सरकार के उन प्रयासों को भी मजबूती देती है, जिनके जरिए एम्बुलेंस को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, डिस्पेंसरियों और बस टर्मिनलों के पास उपयुक्त स्थानों पर तैनात किया जाएगा। एम्बुलेंस को मुख्य रूप से ऐसे स्थानों पर उपलब्ध कराया जा सकेगा, जहां से वह आसपास के इलाकों में आपातकालीन कॉल मिलने पर जरूरतमंद मरीजों तक आसानी से पहुंच सकें। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राजधानी दिल्ली में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक मजबूत करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को और ज्यादा बेहतर बनाने के व्यापक प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

दिल्ली को 43 जल व सीवर परियोजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री बोलीं, हर घर को सीवर नेटवर्क से जोड़ना लक्ष्य, यमुना में नहीं जाएगा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अमित शाह ने किया आठ हजार 941 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत वाली 43 जल एवं सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

दिल्ली सरकार का लक्ष्य हर घर को सीवर नेटवर्क से जोड़ना और प्रत्येक सीवर लाइन को एसटीपी से जोड़ना है, ताकि बिना उपचार वाला पानी यमुना में न पहुंचे। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को पश्चिमी दिल्ली के श्याम विहार में अर्बन एक्सटेंशन रोड-2, फेज-1 के पास आयोजित मैदान में 8 हजार 941 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत वाली 43 जल एवं सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के अवसर पर अपने वक्तव्य में कही।

गौरतलब है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को श्याम विहार से 8,941.22 करोड़ रुपये की लागत वाली 43 जल एवं सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में 10 परियोजनाओं का उद्घाटन और 33 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इनके माध्यम से जल शोधन संयंत्रों के विकास, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के अपग्रेडेशन, नए डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, सीवर नेटवर्क के विस्तार और ड्रेनेज व्यवस्था को बेहतर बनाने के कार्यों को गति मिलेगी। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सीवेज को व्यवस्थित रूप से एकत्रित कर उसका उपचार सुनिश्चित करना, बिना उपचारित गंदे पानी को यमुना में जाने से रोकना, नागरिकों को बेहतर जल एवं स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना और राजधानी की पर्यावरणीय स्थिति में सुधार लाना है।

कार्यक्रम में दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री खा गुप्ता ने यमुना की सफाई और पुनरुद्धार के लिए लगभग 9 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास को दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने केंद्रीय गृह अमित शाह का दिल्लीवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली की समस्याओं के समाधान के लिए उनका निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग सरकार को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

यमुना में गिर रहे सीवेज को साफ करके दोबारा इस्तेमाल में लाया जाएगा : प्रवेश

दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड की 8,941.22 करोड़ रुपये की 43 परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखने के दौरान अपने वक्तव्य में कहा कि इनमें से ज्यादातर परियोजनाओं का मकसद साफ है कि आज जो सीवेज यमुना में गिरता है, उसे रोका जाएगा, साफ किया जाएगा और फिर दोबारा इस्तेमाल में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने यमुना की सफाई को लेकर कोई काम नहीं किया। अब काम की शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जो 29 एसटीपी और डीएसटीपी और सीवेज पंपिंग स्टेशन बनने से नरेला, बवाना, कंझावला, बिजवासन, टिकरी कलां और आसपास के इलाकों की 358 अनधिकृत कॉलोनियों और 113 गांवों में रहने वाले लगभग 36.29 लाख लोगों को फायदा होगा।

सरकार ने 29 डीएसटीपी का शिलान्यास कर जनता की आखों में झोंकी धूल : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 8941 करोड़ की दिल्ली सरकार द्वारा यमुना पुनरुद्धार की 43 परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इनमें 29 विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपीद) और सीवेज पंपिंग स्टेशन बनाने का शिलान्यास केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा कराकर दिल्ली की जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम किया है, क्योंकि 29 में से 27 डीएसटीपी के लिए फंड की मंजूरी अप्रैल 2025 में ही मिल चुकी थी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा 2021-22 से 2025-26 तक अमृत मिशन-2 के तहत देश भर में 100 प्रतिशत सीवरेज कवरेज का लक्ष्य दिल्ली में धराशाही हो चुका है। यादव ने कहा कि दिल्ली में पिछली आम आदमी पार्टी और मौजूदा भाजपा सरकार 12 वर्षों में दिल्ली में नई सीवर और पानी की पाईप लाइन डालने का काम कराने में नाकाम साबित रही है। उन्होंने कहा कि 8941 करोड़ की योजनाओं में एसटीपी परियोजनाओं की शुरुआत केवल खोखली घोषणा है, क्योंकि 22 नालों का अनुपचारित मल वाला जल सीधा यमुना में गिरने की भाजपा सरकार ने अभी तक कोई उपाय नहीं किए हैं। जनता कभी भी एसटीपी और नालों से यमुना में गिरने वाले अनुपचारित मल के स्थान पर नहीं पहुंच सकती, वो सिर्फ भाजपा के झूठे और खोखल विज्ञापन और भाषण सुनकर ही मान लेती है कि सब ठीक हो रहा है, लेकिन वास्तविकता कहीं भंयकर है जिस अंदरुनी रुप से सरकार के अधिकारी और विशेषज्ञ चिंताजनक है।

चिंतन

कुछ तो गंभीर चल रहा है सावधानी रखनी होगी



मुद्दा
रविन्द्र श्रीवास्तव

वैश्विक कूटनीति और आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर पिछले कुछ समय से जो सुगबुगाहट चल रही थी, वह अब एक बेहद खतरनाक और सुनियोजित नेटवर्क के रूप में सामने आने लगी है। अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की हालिया रिपोर्ट 'ग्लोबल केऑस इंक ग्रोज टू 101 ग्रुप्स' ने जिन तथ्यों को उजागर किया है, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए एक गंभीर खतरे की घंटी भी हैं। फ्रांस की सड़कों पर भड़के दंगे और भारत में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों के तार आपस में जुड़े हुए हैं। यह कोई स्थानीय या स्वतः स्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि 9 देशों के 101 संगठनों का एक ऐसा 'सीक्रेट नेटवर्क' है, जिसका मकसद लोकतांत्रिक सरकारों को अस्थिर करना और अराजकता फैलाना है। इस पूरे खेल को समझने के लिए इसके फंडिंग और वैचारिक पैटर्न को देखना होगा। रिपोर्ट में इस नेटवर्क को 'रेड-ग्रीन प्रोटेस्ट इकोसिस्टम' नाम दिया है, जहां 'रेड' (वामपंथी-कम्युनिस्ट ताकतें) और 'ग्रीन' (इस्लामी संगठन) एक साझा एजेंडे के तहत साथ आए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अराजकता की आर्थिक कमान चीन के शंघाई में बैठे अमेरिकी मूल के टेक कारोबारी नेविल रॉय सिंघम के हाथों में बताई जा रही है। सिंघम पर पहले भी भारत विरोधी नैरेटिव और वामपंथी संगठनों को फंडिंग करने के आरोप लगते रहे हैं। अब उनकी पत्नी और 'कोडपिंक' की सह-संस्थापक जोडी इवांस के बयानों से साफ है कि फ्रांस, स्पेन और भारत के प्रदर्शनों को एक सोची-समझी रणनीति के तहत हवा दी जा रही है, ताकि आम जनता को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया जा सके। इस कूटनीतिक और सुरक्षात्मक विमर्श का सबसे संवेदनशील पहलू यह है कि इस नेटवर्क ने युवाओं और छात्रों को सबसे बड़ा हथियार बनाया है। 101 संगठनों में से 33 का नेतृत्व छात्र समूहों के पास होना और 20 नवंबर को यूरोप में प्रस्तावित 'इंटरनेशनल यूथ स्ट्राइक' इस बात का सबूत है कि युवाओं की ऊर्जा को पूंजीवाद और लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ मोड़ने की गहरी साजिश रची जा रही है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे की मांग हो या भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ 'चुनाव आयोग' पर हमला, दोनों का पैटर्न एक जैसा है। संस्थाओं की विश्वसनीयता को खत्म करो और अराजकता का माहौल बनाओ। भारत के परिप्रेक्ष्य में सियासी घमासान शुरू हो गया है। सत्तापक्ष जहां इसे देश के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय साजिश बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे ध्यान भटकाने की कवायद करार दे रहा है। राजनीति अपनी जगह हो सकती है, लेकिन एक संप्रभु राष्ट्र के नाते भारत इस प्रकार के इनपुट को हल्के में नहीं ले सकता। अतीत में भी टूलकिट और विदेशी फंडिंग के जरिए देश के आंतरिक माहौल को बिगाड़ने के प्रयास देखे जा चुके हैं। जब विदेशी ताकतें देश के भीतर चुनावी प्रक्रिया और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को निशाना बनाने लगें, तो यह मामला दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा का बन जाता है। कहा जा सकता है कि वैश्विक पटल पर 'कुछ तो गंभीर चल रहा है।' दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते भारत को अधिक सावधानी रखनी होगी। खुफिया एजेंसियों को डिजिटल मैप्स, टेलीग्राम नेटवर्क्स और विदेशी फंडिंग के स्रोतों पर पैनी नजर रखनी होगी, ताकि देश की संप्रभुता पर कोई आंच न आए। अगर आज इस 'अराजकता के सिंडिकेट' को नहीं रोका गया, तो आने वाले समय में लोकतंत्रों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

> सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है– विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए।

लोकतंत्र का लुप्त होता स्तंभः जवाबदेही

एक विचित्र विरोधाभास सामने आता है। सभी संवैधानिक संस्थाओं ने अधिकतम शक्तियों और स्वतंत्रता की मांग की है, लेकिन जवाबदेही या तो बिल्कुल नहीं चाही है या उसे न्यूनतम रखने की इच्छा दिखाई है। संस्थाओं की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं हो सकता कि उन्हें जवाबदेही से छूट मिल जाए। लोकतंत्र तीन परिचित स्तंभों के माध्यम से कार्य करता है- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, यद्यपि संविधान के अंतर्गत नहीं, बल्कि अपनी अनिवार्य भूमिका के कारण। लेकिन एक और सिद्धांत है, जिसके बिना ये स्तंभ जनता का विश्वास बनाए नहीं रख सकते। वह सिद्धांत है जवाबदेही। यही वह अनुशासन है, जो लोकतंत्र की प्रत्येक संस्था के कामकाज में समाहित होना चाहिए। किसी लोकतंत्र में चुनाव हो सकते हैं, स्वतंत्र न्यायपालिका, संवैधानिक निकाय और विस्तृत कानून भी हो सकते हैं। फिर भी, यदि सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग करने वाले लोग अपनी शक्तियों के उपयोग के तरीके के प्रति पर्याप्त रूप से जवाबदेह नहीं हैं, तो धीरे-धीरे नागरिकों का विश्वास कम हो सकता है।

लोकतंत्र के लिए वास्तविक खतरा केवल शक्ति का दुरुपयोग नहीं है, बल्कि ऐसी शक्ति भी है, जिसके प्रयोग का कोई स्पष्टीकरण न हो, जिसमें पारदर्शिता का अभाव हो और जिसके दुरुपयोग या विफलता के कोई परिणाम न हों। इस बात पर कोई दो राय नहीं हो सकती कि न्यायपालिका कार्यपालिका से स्वतंत्र होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों और सरकारों से स्वतंत्र होना चाहिए। संवैधानिक प्राधिकारियों को अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। संसद को कार्यपालिका के कार्यों की जांच और समीक्षा करने में सक्षम होना चाहिए। फिर भी, इनमें से प्रत्येक संस्था अपनी वैधता संविधान से और अंततः जनता से प्राप्त करती है। भारत में लोकतंत्र का संचालन कई कठिन सच्चाइयों को सामने लाता है। सब कुछ ठीक नहीं है। लोग यह प्रश्न क्यों पूछते हैं कि क्या गलत हो रहा है? उन्हें इन प्रश्नों के उत्तर मिलने चाहिए। जनता का विश्वास जवाबदेही की माँग करता है। जवाबदेही समस्या नहीं, बल्कि समाधान है। हालांकि, भारतीय लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे तंत्र विकसित करना है, जो संस्थाओं की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखते हुए उनकी जवाबदेही भी सुनिश्चित करें। जवाबदेही की दिशा में पहला कदम पारदर्शिता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 ने नागरिकों को जानने का अधिकार दिया है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था को इससे एक कदम आगे बढ़ना होगा। जानने का अधिकार, प्रश्न पूछने के अधिकार में बदलना चाहिए और प्रश्न पूछे जाने के बाद संस्थाओं का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे उत्तर दें और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करें।

भारत को व्यापक सार्वजनिक चर्चा के बाद एक स्वतंत्र संवैधानिक जवाबदेही आयोग स्थापित करने पर विचार करना चाहिए। इस आयोग के गठन में पर्याप्त संवैधानिक सुरक्षा उपाय होने चाहिए और इसे राजनीतिक तथा कार्यपालिका के दैनिक हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा जाना चाहिए। इस आयोग का उद्देश्य न्यायिक निर्णयों के विरुद्ध अपील सुनना या संवैधानिक प्राधिकारियों के वैध कार्यों तथा विवेकाधिकार में



हस्तक्षेप करना नहीं होना चाहिए। इसका कार्यक्षेत्र अधिक सीमित, लेकिन अधिक बुनियादी होना चाहिए। इसमें संस्थाओं द्वारा अपनी संवैधानिक और वैधानिक जिम्मेदारियों के अनुपालन की निगरानी करना, व्यवस्थागत कमियों की पहचान करना, निष्कर्ष प्रकाशित करना तथा सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव देना शामिल होना चाहिए।

प्रत्येक प्रमुख संवैधानिक संस्था को वार्षिक संवैधानिक प्रदर्शन रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में स्पष्ट और आसानी से समझ में आने वाले तरीके से जानकारियां दी जानी चाहिए। इन रिपोर्टों को संसद के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए और जनता के लिए भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिस कार्य का पारदर्शी ढंग से मापन किया जाता है, उसके जिम्मेदारीपूर्वक किए जाने की संभावना अधिक होती है। संस्थागत शक्ति के सबसे कम पहचाने जाने वाले रूपों में से एक है-निर्णय लेने में देरी करने की शक्ति। जहां संविधान या कानून किसी संवैधानिक पदाधिकारी को निर्णय लेने का दायित्व सौंपता है, वहां जहां तक संवैधानिक रूप से संभव हो, उस शक्ति के प्रयोग के लिए एक उचित अधिकतम समय-सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। यह सिद्धांत विशेष रूप से उन मामलों में महत्त्वपूर्ण है, जहां देरी से लोकतांत्रिक शासन, विधायी कार्यप्रणाली या नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। विवेकाधिकार का अर्थ अनिश्चितकाल तक निष्क्रिय बने रहने की स्वतंत्रता नहीं हो सकता। बेशक, प्रत्येक संवैधानिक निर्णय को किसी कठोर समय-सीमा में बाँधना न तो संभव है और न ही आवश्यक। संवैधानिक मामलों की जटिलता के कारण कभी-कभी पर्याप्त विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है। लेकिन वैध विचार-विमर्श और जानबूझकर की जाने वाली टालमटोल के बीच अंतर होना चाहिए। संवैधानिक शासन में चुप्पी और देरी को निर्णय लेने के विकल्प के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। जवाबदेही सुनिश्चित करने के सबसे सरल और प्रभावशाली उपायों में से एक है - निर्णयों के कारण बताने की अनिवार्यता। किसी नागरिक को हमेशा अपनी इच्छानुसार परिणाम प्राप्त करने का अधिकार नहीं हो सकता। लेकिन जब किसी महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है, तो सामान्यतः नागरिक को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि ऐसा क्यों किया गया। कारणयुक्त निर्णय लेने से एक साथ तीन उद्देश्यों की पूर्ति होती है- पारदर्शिता, अनुशासन और जनता का विश्वास। इसके अतिरिक्त, जहां आवश्यक हो, ऐसे निर्णयों की प्रभावी संवैधानिक और न्यायिक समीक्षा करना भी संभव होता है। निस्संदेह, कुछ परिस्थितियों में गोपनीयता या संवैधानिक आवश्यकताओं के कारण अपवाद उचित हो सकते हैं। लेकिन अपवाद इस नियम को ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए। परिणामों के बिना जवाबदेही केवल विफलताओं का लेखा-परीक्षण बनकर रह जाती है। यदि कोई व्यवस्था लगातार या जानबूझकर की गई विफलताओं की पहचान तो करती है, लेकिन उसके बाद कोई सार्थक संस्थागत कार्रवाई नहीं होती, तो अंततः संस्थाओं को यही संदेश मिलता है कि जवाबदेही केवल औपचारिकता है। हालांकि, इन परिणामों की व्यवस्था अत्यंत सावधानीपूर्वक तैयार की जानी चाहिए। लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र यह आश्वासन भी है कि सार्वजनिक शक्ति सौंपी गई प्रत्येक व्यक्ति उसका प्रयोग संवैधानिक सीमाओं के भीतर करेगा, आवश्यकता पड़ने पर उसके प्रयोग का स्पष्टीकरण देगा, वैध जाँच और समीक्षा को स्वीकार करेगा। सभी संस्थाओं और उनकी शक्तियों के साथ कर्तव्य जुड़े होते हैं। जवाबदेही उन शक्तियों का अभिन्न अंग है।

(लेखक सर्वोच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
रोहित माहेश्वरी



कानून व्यवस्था को चुनौती देते गैंगस्टर

देश में संगठित अपराध और गैंगस्टरों की बढ़ती गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए एक चुनौती बन चुकी हैं। हाल में साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सिंडिकेट और अन्य आपराधिक गिरोहों ने देश के कई राज्यों में सुरक्षा एजेंसियों की नाक में दम कर रखा है। फिल्म अभिनेताओं, राजनेताओं और व्यापारियों को निशाना बनाकर सरेआम की जा रही फायरिंग और हत्या की वारदातों ने शासन-प्रशासन के इकबाल पर बड़े सवाल खड़े किए हैं। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुआ हमला इसका हालिया उदाहरण है। यह बताता है कि गैंगस्टर कैसे कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौतियां दे रहे हैं। पहले भी सलमान खान व रोहित शेट्टी जैसे सितारे और फिल्म निर्माता गैंगस्टरों के निशाने पर रहे हैं। जो बताता है कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अब भी संगठित अपराध कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। यह सराहनीय है कि मुंबई पुलिस की खुफिया सूचनाओं की मदद से कोटा रेलवे स्टेशन से तीन संदिग्ध हमलावरों को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टाइगर श्रॉफ की कार पर गोलीबारी के बाद सबसे पहला सवाल यही था कि क्या बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड का पुराना ख़ौफ़ लौट रहा है। क्या यह हमला बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड के पुराने ख़ौफ़ की वापसी का संकेत है या इसे एक अलग घटना के तौर पर देखा जाना चाहिए? देश में कानून-व्यवस्था के समानांतर अपराध की सत्ता चलाने वाले गिरोहों का इतिहास पुराना रहा है। बेशक समय के साथ अपराधी संगठनों के नामकरण और अपराध के तौर-तरीके जरूर बदले हों, लेकिन उनका खौफ गाहे-बगाहे बना रहा। कभी मुंबई हाजी मस्तान और दाऊद से लेकर छोटे राजन के गैंगवार की साक्षी रही है। अब वहां नये सिरे से गैंगस्टरों का दखल बढ़ रहा है। निस्संदेह, इन मामलों को महज धमकियों और जबरन वसूली तथा हिंसा की इक्का-दुक्का घटनाओं के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वास्तव में ये समाज में लगातार गहरी होती जाती एक गंभीर समस्या के लक्षण हैं।

यदि समय रहते ऐसे गैंगस्टरों की कमर नहीं तोड़ी जाती तो वे समाज में रक्तबीजों की तरह लगातार बढ़ते जाएंगे। उनकी प्रतिद्वंद्विता का खामियाजा कालांतर कानून-व्यवस्था बाधित होने से समाज को ही भुगतना पड़ेगा। दरअसल, पुलिस की शुरुआती जांच से पता चला है कि इस हमले के संदिग्ध हमलावरों में से एक का संबंध लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित साथी से है। यह उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आए लॉरेंस बिश्नोई साल 2015 से जेल में बंद है। ऐसे में सवाल उठता है कि कड़ी पुलिस सुरक्षा में जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई का नाम गाहे-बगाहे विभिन्न अपराधों में संलिप्तता के रूप में कैसे उछाला जाता है? भारत ही नहीं, उसके साथी यूरोप व अमेरिका में सक्रिय बताये जाते हैं। अमेरिका में उसे अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर गिरोह के रूप में चिन्हित किया जाता है। कुछ समय पहले उसके करीबी सहयोगियों में से एक, करमवीर सिंह को कनाडा से डिपोर्ट किया गया था। पिछले महीने पंजाब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को नवंबर 2025 में अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था। उसके उपरांत नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। दरअसल, यह मामला आपराधिक गिरोहों और आतंकी समूहों के बीच सांठगांठ से जुड़ा बताया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा कारणों और लोक व्यवस्था का हवाला देते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 303 लागू की है, जिसके तहत लॉरेंस बिश्नोई जैसे अपराधियों को गुजरात की साबरमती जेल से बाहर ले जाने या मुंबई पुलिस की प्रत्यक्ष कस्टडी में देने पर रोक है। इस वजह से जांच एजेंसियां केवल जेल के अंदर ही पूछताछ कर पा रही हैं, जिससे बड़ी साजिशों का पूरी तरह पर्दाफाश करने में बाधा आ रही है। सर्वोच्च अदालत भी गैंगस्टर कानूनों की संवैधानिक वैधता और संगठित अपराधों से निपटने के प्रावधानों की समीक्षा कर रही है ताकि पुलिस व प्रशासन बिना किसी कानूनी अड़चन के इन असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कस सके। गैंगस्टरों और अपराधियों पर पुलिस प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। निस्संदेह, कानून लागू करने वाली एजेंसियों को चुनौती देने वाले इन गिरोहों की कमर तोड़ना राज्य सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं अपराधियों में कानून का डर पैदा करने और जनता में सुरक्षा की भावना बहाल करने के लिए विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच बेहतर समन्वय और जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से पूरी तरह अभेद्य बनाना बेहद जरूरी हो गया है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धैर्य और संतोष ही सुखी जीवन के आधार



संकलित
दर्शन

मानव स्वभाव से सौम्य, संवेदनशील और सहयोगी प्राणी है। उसके भीतर प्रेम, करुणा, सहानुभूति और परोपकार की भावनाएं विद्यमान रहती हैं, लेकिन जब वह आवेग, क्रोध और अनियंत्रित इच्छाओं के वशीभूत हो जाता है, तब उसका विवेक कमजोर पड़ने लगता है। क्षणिक आवेश में लिया गया निर्णय कभी-कभी उसके पूरे जीवन को संकट में डाल देता है। इसलिए जीवन में थोड़ी-सी सावधानी, विचारों पर नियंत्रण और आत्मजागृति का बहुत बड़ा महत्व है। मनुष्य यदि समय रहते अपने मन की चंचलता को पहचान ले और गलत दिशा में बढ़ते कदमों को रोक दे, तो अनेक अनर्थों से बच सकता है। जीवन की वास्तविक सफलता केवल उपलब्धियां प्राप्त करने में नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और विचारों को संतुलित रखने में भी निहित है। मनुष्य का स्वभाव स्थायी रूप से बुरा नहीं होता। परिस्थितियां, मानसिक तनाव, क्रोध, लोभ और आवेग कभी-कभी उसे ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित कर देते हैं, जिनका पश्चाताप उसे बाद में होता है। आवेग एक ऐसा प्रवाह है, जो व्यक्ति की विचारशक्ति को अपने साथ बहा ले जाता है। उस समय सही और गलत के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है। व्यक्ति कुछ क्षणों के लिए विवेक खो बैठता है और ऐसा कदम उठा लेता है, जिसकी कीमत उसे लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। इसलिए जब मन में क्रोध या प्रतिशोध की भावना प्रबल हो, तब तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय कुछ समय रुकना चाहिए। ***संकलन-कांतिलाल मांडोत***

भगवान चढ़ाया गया भोग कैसे खाते हैं



संकलित
प्रेरणा

क्या भगवान हमारे द्वारा चढ़ाया गया भोग खाते हैं? यदि खाते हैं, तो वह वस्तु समाप्त क्यों नहीं हो जाती? और यदि नहीं खाते हैं, तो भोग लगाने का क्या लाभ? एक युवा शिष्य ने पाठ के बीच में अपने गुरु से यह प्रश्न किए, गुरु ने तत्काल कोई उत्तर नहीं दिया। वे पूर्ववत पाठ पढ़ाते रहे, उस दिन उन्होंने पाठ के अन्त में एक श्लोक पढ़ायाः

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

पाठ पूरा होने के बाद गुरु ने शिष्यों से कहा कि वे पुस्तक देखकर श्लोक कंठस्थ कर लें। एक घंटे बाद गुरु ने प्रश्न करने वाले शिष्य से पूछा कि उसे श्लोक कंठस्थ हुआ कि नहीं? उस शिष्य ने पूरा श्लोक शुद्ध-शुद्ध गुरु को सुना दिया। फिर भी गुरु ने सिर नहीं में हिलाया, तो शिष्य ने कहा कि वे चाहें, तो पुस्तक देख लें, श्लोक बिल्कुल शुद्ध है। गुरु ने पुस्तक देखते हुए कहा- श्लोक तो पुस्तक में ही है, तो तुम्हारे दिमाग में कैसे चला गया? शिष्य कुछ भी उत्तर नहीं दे पाया। तब गुरु ने कहा- पुस्तक में जो श्लोक है, वह स्थूल रूप में है। तुमने जब श्लोक पढ़ा, तो वह सूक्ष्म रूप में तुम्हारे दिमाग में प्रवेश कर गया, उसी सूक्ष्म रूप में वह तुम्हारे मस्तिष्क में रहता है। और जब तुमने इसको पढ़कर कंठस्थ कर लिया, तब भी पुस्तक के स्थूल रूप के श्लोक में कोई कमी नहीं आई। इसी प्रकार पूरे विश्व में व्याप्त परमात्मा हमारे द्वारा चढ़ाए गए निवेदन को सूक्ष्म रूप में ग्रहण करते हैं, और इससे स्थूल रूप के वस्तु में कोई कमी नहीं होती। उसी को हम प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

नशे में डूबता पंजाब

पंजाब में आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नशे का मुद्दा उठाकर वादा किया था कि सरकार बनने पर 3 महीने के भीतर पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। पंजाब विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान आम आदमी पार्टी ने सत्ता तो हासिल कर ली, लेकिन नशा मुक्त पंजाब का वादा अधूरा ही है। पंजाब देश के प्रमुख गेहूं उत्पादक और सिंचित कृषि क्षेत्रों में शामिल है, लेकिन आज उसी धरती का युवा नशे के दलदल में फंसकर अपना भविष्य खो रहा है। नशे की लत से परिवारों की जमा-पूंजी खत्म हो जाती है, इलाज और नशे की पूर्ति के लिए कर्ज बढ़ता है और कई परिवार गरीबी के दलदल में फंस जाते हैं, जिससे पूरा परिवार आर्थिक और मानसिक संकट झेलता है। दुखद यह है कि अगर कोई नशे के खिलाफ बोलता है, तो उसकी हत्या कर दी जाती है।

- *संकेत वर्मा, रायपुर*

ट्रेंड

भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज



पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। हम 'भारत-पोलैंड स्टार्टअप ब्रिज' स्थापित करने और अपने युवाओं के लिए प्रौद्योगिकी हैकाथॉन आयोजित करने पर सहमत हुए हैं।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

रेहान की फोटो प्रदर्शनी



दिल्ली के बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की फोटो प्रदर्शनी से 70 से ज़्यादा तस्वीरें हटा दी गईं। बीकानेर हाउस राजस्थान सरकार की संपत्ति है। यानी, भाजपा सरकार की देखरेख में एक युवा कलाकार की कला को दबाया गया, जो कि बेहद निंदनीय है।

-**अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

स्वतंत्रता सेनानी की जयंती



स्वतंत्रता सेनानी और अमर शहीद अशफाकुल्ला खान की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। मातृभूमि के प्रति उनका अटूट प्रेम आज भी एक मिसाल है। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

सैमसन की बल्लेबाजी



जब भी मैं संजू सैमसन को बल्लेबाजी करते देखता हूँ, तो मुझे लगता है कि उनका बल्ला सेट-अप के दौरान बहुत ज्यादा बंद रहता है, जिससे उनके आउट-स्विंग गेंदों पर आउट होने का खतरा बढ़ जाता है। वह जिस तरह से इसे संभालते हैं, वह काबिले तारीफ है। - **इरफ़ान पठान,** क्रिकेटर

करंट अफेयर

नवरात्रि समारोहों में शामिल हुए न्यूयार्क के मेयर ममदानी



अमेरिका के इलिनॉय राज्य में एक मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश नाकाम किए जाने के कुछ दिन बाद न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने यहां भारतीय मूल के हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा मनाई तथा लोगों से नफरत के खिलाफ एकजुट होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपील की। ममदानी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'इस सप्ताह मुझे क्वींस में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के साथ नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशैं और विजयादशमी मनाने का सौभाग्य मिला।' उन्होंने कहा, 'हमने गरबा किया, आरती में हिस्सा लिया, सिंदूर खेला की रस्म देखी और मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। शहर के विभिन्न मंदिरों में लोगों के साथ मिलकर खुशी और श्रद्धा के इस उत्सव में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात थी, खासकर इसलिए कि पिछले सप्ताह ही इलिनॉय के एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की कोशिश की गई थी।' मेयर ने कहा, ' 'आइए, हम सभी नफरत के खिलाफ खड़े होने और एक-दूसरे का ख्याल रखने की अपनी साझा जिम्मेदारी निभाने के लिए एकजुट हों। जय माता की।' सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में ममदानी भारतीय मूल के लोगों के साथ गरबा करते और मंदिरों में पूजा-अर्चना तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेते दिखाई दिए।

ऑफ बीट

भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी

आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रेहान की प्रदर्शनी से 70 फोटो हटाने से मामला गरमाया भड़की कांग्रेस

हम कोई दूसरी जगह तलाश लेंगे और प्रदर्शनी लगाएंगे, पिता रॉबर्ट ने बेटे पर गर्व जताया, ये तस्वीरें कोई विवादित नहीं लगाई गई

हमें नहीं पता यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या किसी और दबाव के कारण लिया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और रेहान वाड्रा के पिता, रॉबर्ट वाड्रा ने गुरुवार को अपने बेटे पर गर्व जताया। बीकानेर हाउस में बेटे की फोटोग्राफी प्रदर्शनी पर आपत्तियां जताई गई थीं, जिस पर वाड्रा ने कहा कि परिवार उनके काम को प्रदर्शित करने के लिए कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा। उन्हें नहीं पता कि बीकानेर हाउस का यह फैसला राजस्थान सरकार से जुड़ा है या दबाव में लिया गया है। वाड्रा ने कहा कि उसने देखा है कि पूरा परिवार किन हालात से गुजरा है? वह एक बहुत मजबूत इंसान है, बहुत मजबूत इरादों वाला व्यक्ति है। वह कोई दूसरी जगह ढूंढ लेगा, और हम किसी दूसरी जगह पर ही यह प्रदर्शनी करेंगे।

ये तस्वीरें किसी भी तरह से विवादित नहीं

वाड्रा ने यह भी कहा कि ये तस्वीरें विवादित नहीं हैं, बल्कि इनमें रेहान का नजरिया और उसकी रचनात्मकता झलकती है। जब वह खुद विरोध-प्रदर्शन वाली जगह पर मौजूद था, तब उसने ये तस्वीरें ली थीं। उन्हें इस बारे में पहले ही बता दिया गया था।

रेहान ने कहा था- पहले ही साझा की थी तस्वीरें



रॉबर्ट वाड्रा

रेहान वाड्रा कलाकार और फोटोग्राफर हैं। उन्होंने बुधवार को कहा था कि बीकानेर हाउस प्रशासन ने उनकी एकल प्रदर्शनी से दिल्ली में हाल ही में हुए विरोध प्रदर्शनों को दिखाने वाली कई तस्वीरें हटा दी थीं। यह कार्रवाई प्रदर्शनी शुरू होने से पहले की गई थी। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। 'नो आइडिया इज फाइनल' नाम की इस प्रदर्शनी की झलक बुधवार को दिखाई गई थी।

प्रियंका गांधी ने कहा

कल कोई दूसरा कलाकार होगा, सच के साथ खड़े रहो



प्रियंका गांधी ने इसे 'हास्यास्पद' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी युवाओं की आवाज दबा रहे हैं। उन्होंने कहा आज वह है, कल कोई दूसरा कलाकार होगा। जब सत्ता में बैठा कोई व्यक्ति किसी दूसरे की अभिव्यक्ति से डरने लगता है तो उसे शायद इस बात का अहसास नहीं होता, लेकिन वह असल में उसी सत्ता को खो देता है जिसे वह बचाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा, तुम सच के साथ खड़े रहो और हर खूबसूरत चीज खुद-ब-खुद तुम्हारे पास आ जाएगी। मुझे तुम पर गर्व है।

बीकानेर हाउस सोसायटी ने कहा

ये तस्वीरें उसकी नीति के अनुरूप नहीं थीं

बीकानेर हाउस सोसाइटी ने कहा कि उसने प्रदर्शनी से रेहान की कुछ तस्वीरें हटाने के लिए कहा था। सोसाइटी ने कहा कि यह एक सार्वजनिक सांस्कृतिक संस्थान है। इसका मकसद कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां होने वाली प्रदर्शनियों और उनसे जुड़ी गतिविधियों को बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति का पालन करना होता है। बीकानेर हाउस में रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी 'नो आइडिया इज फाइनल' के तहत लगाई गई कुछ तस्वीरें बीकानेर हाउस प्रबंधन सोसाइटी की नीति के अनुरूप नहीं पाई गईं। इसलिए उन्हें हटाने के लिए कहा गया।



खबर संक्षेप

मनेंद्रगढ़ में पेड़ से टकराई बस, 6 की मौत

मनेंद्रगढ़। छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर पहाड़हंसवाही के पास भीषण दुर्घटना में 6 यात्रियों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। मनेंद्रगढ़ से केल्हारी की ओर जा रही यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। लोगों की चीख-पुकार मच गई। स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य आरंभ कर दिया।



7 रु. के टिकट में खुली 1 करोड़ की लॉटरी

चंडीगढ़। महंगाई और आर्थिक परेशानियों के बीच मजदूरी कर परिवार का गुजारा करने वाले कोटकपूरा के एक परिवार के लिए महज 7 रुपए की लॉटरी टिकट खुशियों की सौगात लेकर आई। सिक्किम सरकार की लॉटरी में परिवार की बिमला देवी के नाम से खरीदी गई टिकट पर एक करोड़ रुपए का इनाम निकला है। बिमला देवी रेलवे रोड टिकट खरीदी थी।



बंगाल में भाजपा समर्थक की गोली मारकर हत्या

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बुधवार शाम 35 साल के भाजपा समर्थक समीर घोष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इंग्लिश बाजार थाना क्षेत्र के रामकेली इलाके में कुछ अज्ञात लोगों ने पहले धारदार हथियारों से हमला किया, फिर उन्हें दो गोलियां मारीं। हत्या के बाद इलाके में दो गुटों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम 6 लोग घायल हुए हैं।



काकीनाडा में टक्कर में 4 श्रद्धालुओं की मौत

काकीनाडा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सड़क किनारे चाय पी रहे श्रद्धालुओं को एक एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे 4 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। विजयनगरम के डेंकाडा गांव के श्रद्धालु कनक दुर्गा मंदिर के दर्शन के लिए विजयवाड़ा जा रहे थे। चालक ने सुबह करीब 5:40 बजे बस रोकी थी।



मीका और दलेर से खुद बात करेंगे सीएम धामी

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वह गायक दलेर मेहंदी और मीका सिंह से बात करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान धामी ने दलेर मेहंदी प्रकरण पर यह बात कही। कुंजापुरी मेले में गायक दलेर को मंच पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने फटकार लगाई थी। इसके बाद इस मामले को लेकर विरोध शुरू हो गया। सार्वजनिक रूप से आरोप लगाना ठीक नहीं है।



समूह के 9 सदस्य देशों की रहेगी भागीदारी, आमंत्रित देशों के रूप में शामिल होंगे 10 देश

अगले सप्ताह भारत की संसद करेगी 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन

यह जानकारी गुरुवार को संसद भवन में आयोजित की गई प्रेस वार्ता में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अगले सप्ताह सोमवार से भारत की संसद की मेजबानी में दो दिवसीय 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समूह के सभी 11 सदस्य देशों में से 9 की भागीदारी देखने को मिलेगी। जबकि 10 आमंत्रित देश भी आयोजन में शामिल होंगे। यह जानकारी गुरुवार को संसद भवन में आयोजित की गई एक प्रेस वार्ता में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दी है। उन्होंने बताया कि 26 से 27 अक्टूबर तक संसद परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में होने वाले इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति रहेगी और वह आगंतुक शिष्टमंडलों के नेताओं के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। सम्मेलन में ब्रिक्स के सदस्य देशों, भागीदार देशों के पीठासीन अधिकारी, संसद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, संसदीय नेता, केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश, राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे। दो दिवसीय इस आयोजन में ब्रिक्स देशों की संसदों की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर मंथन होगा। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब और इथोपिया मंच में शामिल नहीं होंगे। भारत की संसद ने 64 देशों के साथ मित्र समूह गठित किए हैं। कार्यक्रम में मित्र समूहों के सदस्य भी भाग लेंगे।

4 सत्र और थीम जन केंद्रित विकास होगी

बिरला ने कहा कि कार्यक्रम की मुख्य थीम 'जन केंद्रित विकास हेतु संसदों का सुदृढ़ीकरण होगी'। साथ ही इस दौरान कुल चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसमें लचीलापन, नवोन्मेष, सहयोग ओर टिकाऊपन मुख्य हैं। पहले सत्र में मंच में भाग लेने वाले सभी भागीदार बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए संस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में संसदों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। नवोन्मेष में संसदों के जरिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में मानव केंद्रित नवोन्मेष को बढ़ावा देने के मामले पर चर्चा की जाएगी। जबकि तीसरे सहयोग वाले सत्र में संसदीय सहयोग के माध्यम से अधिक प्रतिनिधिक वैश्विक शासन व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा अंतिम चौथे सत्र यानी टिकाऊपन में समूह देशों का सतत-समावेशी भविष्य सुनिश्चित करने में संसदों की भूमिका पर मंथन किया जाएगा।



स्पीकर बिरला ने कहा भारत की संसद ने 64 देशों के साथ मित्र समूह गठित किए हैं।

संसदीय इतिहास का नया अध्याय

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि 2025 में समूह के संसदीय मंच का आयोजन ब्राजील में किया गया था। वहां पर भारत को सम्मेलन की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद मौजूदा साल 2026 की शुरुआत में राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों का सम्मेलन नई दिल्ली में हुआ और फिर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का सफलता के साथ आयोजन किया है। अब हम ब्रिक्स संसदीय मंच को आयोजित करने जा रहे हैं। ये सम्मेलन अपने आप में कई मायनों में खास है। जिसे भारत संसदीय राजनय के इतिहास में एक नए अध्याय के रूप में देखता है।

द्विपक्षीय और विशेष बैठकें होंगी

उन्होंने बताया कि दो दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में बतौर मेजबान देश हमारी भागीदार देशों के शिष्टमंडल के नेताओं के साथ द्विपक्षीय, बहुपक्षीय बैठकें होंगी। इसके अलावा संसदीय राजनय, क्षमता निर्माण व सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान पर संवाद करने के लिए समूह के सदस्य-भागीदार देशों की संसदो की वैश्विक मामलों की समितियों के अध्यक्षों की एक विशेष भी होगी। सम्मेलन के पूर्व में 25 अक्टूबर को समूह संसदीय मंच के संयुक्त वक्तव्य को अंतिम रूप देने के लिए शिष्टमंडलों के सचिवों की बैठक होगी। लोकसभा अध्यक्ष के मुताबिक, ब्रिक्स संसदीय मंच में उच्च स्तरीय पूर्ण सत्रों, समानांतर बैठकों, द्विपक्षीय आदान-प्रदान के साथ ही एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उप-राष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन गणमान्य अतिथियों के सम्मान में भोज देंगे। जबकि इसके समापन वाले दिन यानी 27 अक्टूबर को आमंत्रित शिष्टमंडलों के सदस्य संसद भवन परिसर का दौरा करेंगे और राजधानी दिल्ली में सांस्कृतिक भ्रमण का आनंद लेंगे।

ऐतिहासिक स्थानों पर बनेंगे कॉरिडोर 21 पुरातात्विक स्थलों पर खुदाई होगी



हरियाणा विजन 2047: मुख्यमंत्री ने की पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में अनेक ऐसे ऐतिहासिक स्थान हैं जो हमारे गौरवशाली इतिहास और पूर्वजों के संघर्ष के परिचायक हैं। प्रदेशवासियों को इनसे रूबरू करवाने के लिए हरियाणा में ऐतिहासिक स्थानों का नया कॉरिडोर बनाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीरों की कहानियों की जानकारी मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह निर्देश बृहस्पतिवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के अंतर्गत पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की अगले 5 वर्षों की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग की कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार करने तथा हरियाणा को टूरिज्म हब बनाने के संबंध में अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश में वर्ष 1972 से 2025 के बीच 9 स्थलों पर पुरातात्विक खुदाई की गई है। विभाग द्वारा भविष्य में 21 नए स्थलों पर खुदाई की जाएगी। पहले चरण में 2026-27 के दौरान हिसार जिले के सीसवाल में खुदाई की योजना है। इसके बाद खरड़ अलीपुर में दो चरणों में खुदाई की जाएगी। वर्ष 2029-31 के दौरान बालू, जोगना खेड़ा, तिगड़ाना और राखीगढ़ी में से पुरातात्विक प्राथमिकता के आधार पर स्थलों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अंबाला कैंट में विशाल एवं भव्य शहीद स्मारक बनाया गया है।

राखीगढ़ी और सरस्वती-सिंधु सभ्यता पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राखीगढ़ी को एक प्रमुख पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के साथ सरस्वती-सिंधु विरासत कॉरिडोर की अवधारणा पर काम किया जाएगा। इसमें राखीगढ़ी, भरड़ाना, तिगड़ाना, बनावली, कुनाल, बालू, भगवानपुरा और खरड़ अलीपुर सहित प्रमुख स्थलों को जोड़ा जाएगा। इसके साथ कुरुक्षेत्र, अग्रोहा, थानेसर, पिंजौर और अन्य ऐतिहासिक स्थलों की विरासत को भी प्रमुखता दी जाएगी।

संरक्षित स्मारकों की संख्या 120 से अधिक करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 72 संरक्षित स्मारकों की संख्या को वर्ष 2031 तक 120 से अधिक किया जाए। ऐतिहासिक किलों, प्राचीन बावड़ियों, मंदिरों और हवेलियों की पहचान, दस्तावेजीकरण तथा वैज्ञानिक संरक्षण किया जाए। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी मंथन किया।

चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन

आज उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, देश-विदेश से जुटेंगे 9 हजार से अधिक प्रतिभागी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रतिभागियों को संबोधित भी करेंगे। 3 दिनी यह वैश्विक सम्मेलन चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर के समारोहों का समापन होगा। इसमें भारत और विदेशों से 9 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह आयोजन आध्यात्मिक चिंतन, भारतीय संस्कृति और भगवद्गीता के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में देश-विदेश से आने वाले प्रतिभागी चिन्मय मिशन की 75 वर्षों की यात्रा और उसकी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

1951 में हुई थी चिन्मय मिशन की स्थापना

चिन्मय मिशन की स्थापना वर्ष 1951 में स्वामी चिन्मयानंद ने की थी। यह एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जो वेदांत दर्शन, भगवद्गीता के संदेश और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के अध्ययन-प्रसार के लिए कार्य करता है। मिशन का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान को आधुनिक जीवन से जोड़ना और लोगों को आत्मचिंतन, नैतिक मूल्यों तथा आध्यात्मिक विकास के लिए प्रेरित करना है।

बीते 75 वर्षों में चिन्मय मिशन ने भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी गतिविधियों का विस्तार किया है। इसके माध्यम से आध्यात्मिक अध्ययन, गीता एवं वेदांत पर प्रवचन, शैक्षणिक गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

पिछले वर्ष शुरू हुआ था वर्षभर का समारोह

चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित वर्षभर के समारोहों की शुरुआत पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवद्गीता के तमिल पद्यानुवाद के विमोचन के साथ हुई थी। यह तमिल पद्यानुवाद तमिलनाडु स्थित चिन्मय मिशन द्वारा तैयार किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भगवद्गीता के संदेश को तमिल भाषा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना था।



रायपुर के लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोग

राष्ट्रपति ने जारी किया 200 रु. का स्मारक सिक्का

माता हासी का नाम है अंकित

एजेंसी ⏭ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को लोकभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। शदाणी दरबार रायपुर की पांचवीं पीठाधीश माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की ओर से 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया गया है। सिंधी विभूति के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी होना समाज के लिए ऐतिहासिक मौका है। राष्ट्रपति2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आयेंगी। वे 23 अक्टूबर को जगदलपुर के सिरहासार भवन में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार को संबोधित करेंगी। बस्तरिया आदिवासियों से उनकी फरियाद सुनेंगी।

हड़ताल करना तब बनता जब हम अपील न करते, 5-6 दिन में एपीटीईएल में दाखिल होगी अपील

मंत्री ने बताया बेवजह हड़ताल की जा रही

बिजली कर्मचारी हड़ताल का रास्ता छोड़ हमारे साथ आएं, कोई सुझाव हो तो वे हमें बताएं : अनिल विज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के ऊर्जा अनिल विज ने गुरूग्राम व नूंह में बिजली वितरण के लिए दिए लाइसेंस के विरोध में हरियाणा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के संबंध में कहा कि हमने सारा इंतजाम किया है और यह जो हड़ताल की जा रही है वो बेवजह है क्योंकि हरियाणा बिजली विनियामक आयोग ने आदेश दिया है कि निजी कंपनी को बिजली दी जाए। हालांकि विनियामक के सामने हमने बड़ा वकील खड़ा करके और विभाग ने पूरी ताकत से उस कंपनी का विरोध किया है। उन्होंने कहा, मगर यह स्वायत्त संस्था है, हमने बिजली निजीकरण के लिए कोई आवेदन नहीं मांगा था, लेकिन यह केंद्रीय एक्ट है जिसमें यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति, कोई भी कंपनी आवेदन लगा सकती है कि हमें बिजली दी जाए। विज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह स्वयं निजीकरण के खिलाफ है क्योंकि हमारा इतना पैसा व ढांचा लगा है, कर्मचारियों की नौकरी का सवाल है इसलिए हमने इसका डटकर विरोध किया, मगर फैसला हमारे खिलाफ आया और इस फैसले की हम विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील कर रहे हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी वहां से विनियामक के आदेश के खिलाफ स्टे हासिल करें। उन्होंने कहा कि वह कर्मचारी नेताओं को यह कहना चाहते हैं कि हड़ताल करना तब बनता जब हम अपील न करते, अपील करने के लिए 45 दिन का समय होता है, मगर हम पूरी तरह से अधिकारियों के साथ लगे है ताकि 5-6 दिन में यह अपील दायर कर स्टे हासिल कर लें।



कर्मचारियों साथियों से वह कहना चाहते हैं कि हड़ताल का रास्ता छोड़कर वह हमारे साथ आए और केस तैयार कराने के लिए यदि हमारे वकील को कोई राय देना चाहते हैं तो वह दे, या वो अपना वकील खड़ा करना चाहते है तो वह खड़ा करे, या वो कोई और वकील का सुझाव देना चाहते है तो बताए हम वह वकील हायर कर लेंगे। उन्होंने कहा कि लड़ना तो कोर्ट में पड़ेगा क्योंकि यह विनियामक है, कुछ नासमझ लोग कह रहे हैं कि सरकार ने बिजली दी और सरकार अपील में जा रही है, ऐसा नहीं हो सकता, यह सरकार नहीं विनियामक है समझ नहीं है तो एक्ट लेकर पढ़ लें।

हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला आज

तिरंगा लहराने में अनुमति की जरूरत नहीं, हमने कुछ गलत नहीं किया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संगठन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर शुक्रवार 23 अक्टूबर को अपना फैसला सुनाएगा। नेहा ने स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) द्वारा जारी किए गए पुलिस नोटिस को चुनौती दी है, जिसमें उनसे 'शांति बनाए रखने' के लिए बॉन्ड भरने को कहा गया था। हालांकि, नेहा का कहना है कि तिरंगा फहराने के लिए किसी की मंजूरी की क्या जरूरत है? जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने करीब 3 घंटे तक नेहा बोरा और दिल्ली पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने कहा शुक्रवार को आदेश करूंगा। नेहा ने कनॉट प्लेस में सीजेपी के बुलाए गए प्रोटेस्ट से खुद को अलग कर लिया। बोरा के वकील ने कहा कि वह सेंट्रल पार्ट में अलग से बुलाए गए आह्वान में शामिल नहीं थी। वह दूसरे संगठन ने बुलाया था। मैं मंडी हाउस में अपने आह्वान से निपट रही थी।



जियो आईपीओ में दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी, 5.57 गुना सब्सक्राइब

- दो दिन में 75 लाख से ज्यादा आवेदन, क्यूआईबी कैटेगरी 13 .29 गुना सब्सक्राइब
- एंकर सहित करीब 3 .73 लाख करोड़ की बोलियां, गैर-एंकर निवेशकों से 1 .23 लाख करोड़ की मांग
- रिटेल, कर्मचारी और शेयरहोल्डर समेत सभी प्रमुख कैटेगरी फुल, आवेदन के लिए सिर्फ एक दिन बाकी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ में दूसरे दिन भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। गुरुवार शाम 7 बजे तक जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ का आईपीओ 5.57 गुना सब्सक्राइब हो गया। दो दिनों में आवेदनों की संख्या 75 लाख पार कर गई। बड़े संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) की कैटेगरी 13.29 गुना सब्सक्राइब हुई, जबकि रिटेल कैटेगरी भी 1.54 गुना भर गई।

जियो आईपीओ के पहले दिन कुल सब्सक्रिप्शन 3.16 गुना था, जो दूसरे दिन बढ़कर 5.57 गुना पहुंच गया। गैर-एंकर निवेशकों के लिए उपलब्ध 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले 110 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां आईं। इन बोलियों की कुल रकम करीब 1.23 लाख करोड़ रही। इससे पहले एंकर निवेशकों से भी करीब 2.50 लाख करोड़ की बोलियां मिली थीं। इस तरह एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियां करीब 3.73 लाख करोड़ पहुंच गई हैं। जियो आईपीओ में गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) की कैटेगरी 5.97 गुना सब्सक्राइब हुई। रिलायंस के कर्मचारियों का कोटा 2.10 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 4.05 गुना भर गया। इस तरह आईपीओ की सभी प्रमुख कैटेगरी पूरी तरह सब्सक्राइब हो चुकी हैं।

दूसरे दिन खास तौर पर एनआईआई और रिलायंस शेयरहोल्डर कैटेगरी में मांग तेजी से बढ़ी। पहले दिन एनआईआई कैटेगरी 1.68 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 1.46 गुना सब्सक्राइब हुआ था। दूसरे दिन ये आंकड़े बढ़कर क्रमशः 5.97 और 4.05 गुना पहुंच गए।

जियो आईपीओ में निवेश के लिए अब सिर्फ एक दिन बाकी है। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को आवेदन की अंतिम तारीख है। आईपीओ कई गुना सब्सक्राइब होने के बावजूद निवेशकों के लिए आवेदन का मौका अभी खुला है। जो पात्र निवेशक अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे शुक्रवार तक आवेदन कर सकते हैं।



सतीश कुमार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम में भाग लिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सतीश कुमार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर राजेश कुमार पाण्डेय, पुष्पेश रमण त्रिपाठी तथा रेलवे बोर्ड एवं उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने यात्रियों और आम नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को समझने के उद्देश्य से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान सतीश कुमार ने यात्रियों को भारतीय रेल द्वारा स्टेशन की स्वच्छता बढ़ाने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, यात्री सुविधाओं में सुधार करने तथा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी दी।

एम. श्रीधर बीएचईएल के निदेशक नियुक्त

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) के निदेशक मंडल में अपनी नियुक्ति पर, एम. श्रीधर (57 वर्ष) ने निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।



इससे पहले, श्रीधर कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के पद पर कार्यरत थे। जहां वे कॉर्पोरेट मानव संसाधन के कार्यों का नेतृत्व करते हुए बीएचईएल में प्रमुखतः एचआर नीतियों एवं रणनीतिक कार्मिक पहलों को आगे बढ़ा रहे थे। श्रीधर उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद के सीबीआईटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने जेएनटीयू, हैदराबाद से सीएडी/सीएएम में एम.टेक तथा एक्सएलआरआई, जमशेदपुर से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएम) भी किया है। उन्होंने 1990 में अभियंता प्रशिक्षु के रूप में बीएचईएल में अपना करियर शुरू किया। उनके पास विनिर्माण, वाणिज्यिक परिचालन, परियोजना निष्पादन, औद्योगिक संबंध, मानव संसाधन प्रबंधन एवं कॉर्पोरेट नीति के क्षेत्रों में 36 वर्षों से अधिक का व्यापक एवं बहुआयामी अनुभव है।

पेज एक का शेष

राहुल बताएं...

है? 'इंडियन अलायंस पेरिस'। यह संगठन राहुल गांधी के ट्वीट्स और उनकी गिरफ्तारी से जुड़ी सामग्री को अधिक से अधिक प्रसारित करता है, उनका समर्थन करता है और भारतीय लोकतंत्र की बेबुनियाद आलोचना करता है।

राहुल गांधी पार्ट...

पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने उस दौर की भयावह घटनाओं को याद करते हुए कहा कि देश उन घटनाओं को कभी नहीं भूल सकता, जब सिख भाई-बहनों की हत्या की गई और उन्हें आग में झोंक दिया गया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रैली निकालने के बजाय उन घटनाओं के लिए कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष की राजनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश के सामने असली सवाल सत्ता का नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की 140 करोड़ जनता राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

28 नवंबर से 12 दिसंबर ...

का उद्देश्य प्राचीन तमिल ग्रंथ तिरुक्कुरल में शामिल शाश्वत नैतिक, चारित्रिक ज्ञान को देश में युवाओं तथा विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। इस बाबत पंजीकरण की अंतिम तारीख 13 नवंबर है।

सांस्कृतिक एकता को मिलेगी मजबूती: केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक एकता की मजबूत परंपरा रही है। धार्मिक परंपराओं के तहत लोग उत्तर से दक्षिण की यात्रा करते रहें हैं। जो दोनों क्षेत्रों के बीच मजबूत सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रदर्शित करता है। मंत्रालय के उच्च-शिक्षा विभाग, आईआईटी मद्रास, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, चेन्नई स्थित केंद्रीय शास्त्रीय तमिल केंद्रीय संस्थान, उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र के कई मंत्रालय तथा विभाग शामिल होंगे। बताते चलें कि काशी तमिल संगमम का पहला आयोजन वर्ष 2022 में हुआ था। बीते चारों संस्करणों में दोनों क्षेत्रों के बीच ज्ञान, भाषा, परंपराओं और जीवन के सार्थक अनुभवों को बढ़ावा मिला है।

तमिलनाडु से काशी आएंगे 1400 प्रतिभागी : आयोजन में तमिलनाडु से 1400 प्रतिभागी 7 समूहों में भाग लेंगे। प्रत्येक समूह में कुल करीब 200 लोग होंगे और ये सभी 8 दिवसीय यात्रा पर आएंगे। शुरुआती चार दिन यात्रा और बाकी बचे हुए चार दिन भ्रमण, सुव्यवस्थित कार्यक्रमों के लिए निर्धारित होंगे। प्रतिभागियों के यात्रा कार्यक्रम में वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या शामिल होंगे। पोर्टल पर आवेदन के लिए 7 श्रेणियां बनाई गई हैं। जिनमें विद्यार्थी, शिक्षक, लेखक-मीडिया पेशेवर, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पेशेवर-शिल्पकार, महिलाएं और आध्यात्मिक नेता मुख्य हैं।

एक भारत...

एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को भी मजबूती मिलेगी। केटीएस-05 भारत की राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाने और सभ्यतागत विरासत का उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करता है।

सोनिया गांधी की...

सोनिया गांधी ने खुशी जाहिर की और उसमें शामिल तस्वीरों को लेकर प्रियंका से बातचीत भी की।

इटली से भारत तक का सफर, निजी जीवन के अनुभवों पर रहेगा फोकस: 'बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव' को सोनिया गांधी के जीवन और अनुभवों पर आधारित संस्मरण के रूप में देखा जा रहा है। इटली में जन्मीं सोनिया गांधी का जीवन भारत के राजनीतिक इतिहास से गहराई से जुड़ा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से विवाह के बाद वह भारत आईं। वर्ष 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद उनके जीवन में गहरा व्यक्तिगत आघात आया। आगे चलकर उन्होंने सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया और वर्ष 1998 में कांग्रेस की कमान संभाली। उनके राजनीतिक सफर में कांग्रेस का नेतृत्व, गठबंधन की राजनीति और केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकारों का गठन महत्वपूर्ण पड़ाव रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने वर्ष 2004 और 2009 के लोकसभा चुनावों के बाद केंद्र में सरकार बनाई। ऐसे में इस संस्मरण को उनके निजी अनुभवों के साथ-साथ देश की राजनीति के कई महत्वपूर्ण दौर को समझने के नजरिये से भी देखा जा रहा है। हालांकि, पुस्तक के विस्तृत अध्यायों और उसमें शामिल घटनाओं के बारे में अभी पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है। इसके शीर्षक और सोनिया गांधी की अपनी टिप्पणी से संकेत मिलता है कि इसमें परिवार, रिश्तों, व्यक्तिगत क्षति, जिम्मेदारी और भारत में अपनेपन की भावना जैसे विषयों को प्रमुखता मिल सकती है।

प्रकाशन को लेकर विवाद भी रहा चर्चा में: सोनिया गांधी की इस पुस्तक का प्रकाशन पिछले कुछ समय से विवाद के कारण भी चर्चा में रहा है। शुरुआत में पुस्तक के भारतीय प्रकाशन को लेकर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया का नाम सामने आया था। सितंबर में इसके प्रकाशन को लेकर संपादकीय बदलावों और कुछ अंशों पर असहमति की खबरें सामने आईं। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), चीन के साथ सीमा विवाद और अल्पसंख्यकों की स्थिति से जुड़े संदर्भों को हटाने के लिए दबाव डाला गया था। हालांकि, पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने अपने बयान में कहा कि पुस्तक के भारत में प्रकाशक नहीं होने की स्थिति को लेकर जो विवरण सामने आए, वे परिस्थितियों का सही चित्रण नहीं करते। प्रकाशक ने यह भी कहा कि तथ्य-जांच और संपादकीय सुझाव देना प्रकाशन प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है। इसके बाद हार्परकॉलिन्स इंडिया ने पुस्तक के भारतीय प्रकाशन की जिम्मेदारी संभाली। हार्परकॉलिन्स के अनुसार, यह पुस्तक समकालीन राजनीति से जुड़ी बहुप्रतीक्षित पुस्तकों में शामिल है और इसमें सोनिया गांधी के जीवन, पहचान, कर्तव्य तथा अपनेपन की भावना के साथ भारत की यात्रा का एक व्यक्तिगत दृष्टिकोण सामने आने की उम्मीद है।

कांग्रेस नेताओं ने जताई उत्सुकता: सोनिया गांधी की पुस्तक को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भी उत्सुकता जाहिर की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पुस्तक के 10 नवंबर को प्रकाशित होने की जानकारी साझा की। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी पुस्तक को लेकर उत्साह व्यक्त किया। सोनिया गांधी की यह पुस्तक ऐसे समय में आ रही है, जब वह कांग्रेस की रोजमर्रा की संगठनात्मक जिम्मेदारियों से दूर रहने के बावजूद पार्टी के प्रमुख रणनीतिक और राजनीतिक चेहरों में शामिल हैं। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और गांधी परिवार से जुड़े व्यक्तिगत प्रसंगों के कारण पुस्तक को लेकर राजनीतिक हलकों के साथ-साथ पाठकों में भी दिलचस्पी बनी हुई है। अब 10 नवंबर को पुस्तक के प्रकाशित होने के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सोनिया गांधी अपने संस्मरण में निजी जीवन, राजीव गांधी के साथ संबंधों, राजनीतिक फैसलों और भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को किस दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती हैं। फिलहाल पुस्तक की पहली झलक ने इसके विषय और उनके व्यक्तिगत अनुभवों को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

डेढ़ लाख करोड़...

मंत्री श्री श्याम सिंह राणा को सौंपा।

हरियाणा को प्रधानमंत्री आवास योजना की बड़ी सौगात : समारोह के दौरान केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में शिवराज सिंह चौहान ने हरियाणा के ग्रामीण गरीबों के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हरियाणा के पात्र गरीब परिवारों के लिए 28,422 पक्के मकानों की स्वीकृति दी है। इसके लिए 1,343 करोड़ 6 लाख रु. की राशि मंजूर की गई है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने मंच पर उपस्थित हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा को इस ऐतिहासिक स्वीकृति से संबंधित औपचारिक पत्र सौंपा, जिससे राज्य के हजारों निर्धन परिवारों के अपने पक्के घर का सपना साकार होगा। सस्ती खाद का मतलब अंधाधुंध इस्तेमाल नहीं, सब्सिडी का भार खुद उठा रही सरकार: केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने खाद की कीमतों और सरकारी प्रतिबद्धता पर बोलते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दे रही है। सरकार डेढ़ लाख करोड़ रु. से ज्यादा की विशाल फर्टिलाइजर सब्सिडी वहन कर रही है, ताकि किसानों को यूरिया की बोरी मात्र 266 रूपये और डीएपी 1350 रूपये में सुलभ होती रहे। उन्होंने किसानों को सचेत करते हुए कहा, सस्ती खाद मिलने का मतलब यह कतई नहीं है कि हम खेतों में चार-चार कट्टे यूरिया डालते चले जाएं। यह भ्रम है कि ज्यादा खाद डालने से ज्यादा फसल होगी। बिना जरूरत के खाद डालना अपनी गाढ़ी कमाई बर्बाद करने और जमीन में जहर घोलने जैसा है। जैसे बिना बीमारी के दवा खाने से इंसान बीमार हो जाता है, वैसे ही ज्यादा खाद डालने से हमारी धरती मैया की तबीयत खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि देश अब ग्रीन अमोनिया के प्रयोग की ओर बढ़ रहा है, जिससे भारत भविष्य में उर्वरक उत्पादन में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेगा।

ज्ञानेश कुमार के...

संभावना के नजरिए से देखना चाहिए। लेकिन कोई भी निर्णय तभी लिया जाएगा। जब इसे लेकर विपक्ष का कोई प्रस्ताव आएगा। हां, इतना जरूर है कि एक बार इस मामले में कोई प्रस्ताव प्राप्त होने के तीन दिन के अंदर विशेष सत्र बुलाया जा सकता है। जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े मामले पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि रिपोर्ट आ गई है। जिस पर चर्चा करने के बाद ही फैसला लिया जाएगा।

लोकतंत्र में असहमति का स्वागत है : भारत समेत दुनियाभर में चल रहे युवाओं के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मामले पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में लोकतंत्र हमारी जीवंत प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि ये भी सही है कि दुनिया का हम पर भी प्रभाव पड़ता है। लेकिन मैं यहां स्पष्ट करना चाहता हूं कि देश में विचारों को प्रकट करने के लिए विरोध, प्रदर्शनों के अलावा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौजूद है। विपक्ष के विरोध को उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती बताते हुए कहा कि देश में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।

यूं तय होगा टीएमसी के बागियों का भविष्य: उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सांसदों की प्रतिक्रियाएं मिलने के बाद निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाएंगे। हम दोनों पक्षों को सुनेंगे और सभी सांसदों की प्रतिक्रिया मिलने के बाद हम प्रक्रिया में तेजी लाएंगे। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने 23 सितंबर को अपनी एक टिप्पणी में कहा था कि वह लोकसभा अध्यक्ष से राष्ट्रवादी नागरिक पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) का हिस्सा बने टीएमसी के 20 बागी सांसदों की अयोग्यता की मांग करने वाली याचिका पर जल्द निर्णय लेने की उम्मीद करता है।

सोना 1,000 रुपये टूटा, चांदी 10 महीने के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 1,000 रुपये गिरकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं, चांदी 5,900 रुपये टूटकर 10 महीने के निचले स्तर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर समेत) रह गई। यह चांदी का 10 महीने से अधिक का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले चांदी 18 दिसंबर, 2025 को 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही थी।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 460 अंक टूटा

मुंबई। कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 460 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 124 अंक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल के दाम चढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), बिजली और आईटी शेयरों समेत चौतरफा बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 460.30 अंक गिरावट के साथ 73,249.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक तक टूटकर 73,005.11 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। निफ्टी भी 123.70 अंक गिरावट के साथ 22,687.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। इससे महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **टिंकू** पुत्र सुखलाल, निवासी आरजेड-280, सुक्कर बाजार, निहाल विहार, दिल्ली और आरजेड जी-12, निहाल विहार, नांगलोई, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 70/2020 धारा 325/341/506/34 भा.द.स, थाना मोती नगर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **टिंकू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **टिंकू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **टिंकू, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 70/2020 धारा 325/341/506/34 भा.द.स, थाना मोती नगर, नई दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री अंशुल सिंघल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी -04
कमरा नंबर 268
DP/15255/WD/2026 तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी आमिर उर्फ सलीम पुत्र शमशाद, पताः** डी-128, न्यू सीलमपुर, दिल्ली **FIR No. 181/2026, U/S: 25 A Act, पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आमिर उर्फ सलीम,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आमिर उर्फ सलीम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **आमिर उर्फ सलीम, FIR No. 181/2026, U/S: 25 A Act, पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रंगत घेरा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03
DP/14115/NE/2026 कमरा नंबर 19, प्रथम तल शाहदरा जिला,
(Court Matter) कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. डॉ. लव कुमार साहू, निवासीः 30सी द्वितीय तल, हंस अपार्टमेंट, सेक्टर-10, द्वारका, दिल्ली, 2. खोमन लाल साहू, निवासीः 181, सेक्टर-डी, आरएमएस कॉलोनी, टैगोर गार्डन रायपुर, छत्तीसगढ़, 3. डॉ. धीरेंद्र साव, निवासीः 54 आनंद नगर, तेलीबांधा रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 और निवासीः कर्मा अस्पताल, शीतल कॉम्प्लेक्स, सामने मरीनड्राइव, जी.एफ. रोड, तेलीबांधा रायपुर, छत्तीसगढ़** ने **CC No.: 3510/2022, U/s: 138 NI ACT, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. डॉ. लव कुमार साहू, 2. खोमन लाल साहू और 3. डॉ. धीरेंद्र साव** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. डॉ. लव कुमार साहू, 2. खोमन लाल साहू और 3. डॉ. धीरेंद्र साव** फरार हो गऐं है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. डॉ. लव कुमार साहू, 2. खोमन लाल साहू और 3. डॉ. धीरेंद्र साव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 07.01.2027** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अभिनव सिंह
जेएमएफसी-01, कमरा नंबर 102, पहली मंजिल,
DP/14910/NW/2026 रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान
प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

संबलपुर मंडल में 'विशेष अभियान 6.0' के अंतर्गत 'रेल जन संवाद'

संबलपुर। पूर्व तट रेलवे के संबलपुर मंडल ने 'विशेष अभियान 6.0' के तहत 22 अक्टूबर, 2026 को मंडल के सभी स्टेशनों पर 'रेल जन संवाद' (यात्री संपर्क कार्यक्रम) का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य रेल उपयोगकर्ताओं के साथ सीधे संवाद के माध्यम से यात्रियों की भागीदारी को मजबूत करना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना और रेल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना था। कार्यक्रम के दौरान, यात्रियों को स्टेशन की सुविधाओं, रेलवे परिसर और ट्रेनों की साफ-सफाई, सुरक्षा उपायों और समग्र सेवा वितरण के संबंध में अपने अनुभव, सुझाव और प्रतिक्रिया (फीडबैक) साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पहल ने यात्रियों को रेलवे अधिकारियों के साथ सीधे बातचीत करने और उन क्षेत्रों को उजागर करने का एक मंच प्रदान किया, जिन पर ध्यान देने और सुधार करने की आवश्यकता है। संबलपुर रेलवे स्टेशन पर, संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुबाष सी. चौधरी ने यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की।

तनिष्क ने पेश किया अध्यंतरा कलेक्शन आभूषणों में उतरी ब्रह्मांड की असीम सुंदरता

नई दिल्ली। टाटा परिवार का एक सदस्य और भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के शुभ अवसर के लिए अपना नया कलेक्शन अध्यंतरा पेश किया है। नए कलेक्शन के लिए बनाए गए विशेष कैम्पेन में मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। अध्यंतरा असीम ब्रह्मांड की खूबसूरती और उसके रहस्यों से प्रेरित है। तनिष्क का मानना है कि इस दुनिया में हर महिला अपने आप में इतनी असाधारण और खूबसूरत है कि खुद यह ब्रह्मांड भी उसकी आंतरिक शक्ति और सुंदरता से प्रेरित होता है। इसलिए इस कलेक्शन में उस ब

पैरा एशियन गेम्स: खिलाड़ी दिखा रहे दमखम, कुल पदक संख्या 88 हुई

भारत का दबदबा, चौथे दिन 26 मेडल जीते, सूची में चौथे स्थान पर पहुंचा

एजेंसी ⏭ नागोया

भारत ने पैरा एशियन गेम्स में भारतीय खिलाडी अपना दबदबा दिखा रहे हैं। सभी खेलों के हुनरबाज खिलाड़ियों ने गुरुवार को 26 मेडल जीते। इनमें 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 15 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसके साथ ही भारत के कुल मेडल की संख्या 88 हो गई। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और तोमर कुमार की जोड़ी ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। शीतल ने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल इवेंट में भी सोना अपने नाम किया। एथलेटिक्स में शैलेश कुमार ने पुरुषों की हाई जंप में 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। दिलीप गावित ने पुरुषों की 400 मीटर T47 और अंजनाबेन बुम्बाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर टी 47 स्पर्धा में सोना जीता। सुवर्णा राज ने भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

तीरंदाजी की डब्ल्यू1 में स्वाति ने रचा इतिहास

स्वाति चौधरी ने एशियन पैरा गेम्स में तीरंदाजी की डब्ल्यू1 कैटेगरी में भारत का पहला मेडल जीता। मेरठ की स्वाति चौधरी को विमेंस इंडिविजुअल फाइनल में चीन की सेन मेंगकान से 4-6 से हार मिली। इस जीत के साथ स्वाति ने सिल्वर और सेन ने गोल्ड मेडल जीता। सेन दुनिया की 23वें नंबर की तीरंदाज हैं। वे ओलंपियन सत्यदेव प्रसाद के मार्गदर्शन में मेरठ की गुरुकुल आर्चरी एकेडमी में ट्रेनिंग करती हैं।



एथलेटिक्स : सुवर्णा ने 15.66 मीटर डिस्कस फेंका

सुवर्णा ने महिला डिस्कस थ्रो की एफ54 कैटेरी में 15.66 मीटर थ्रो किया। उन्होंने छह प्रयासों में चार बार 15 मीटर से ज्यादा की दूरी तय की। ईरान की शाहला हदीदी 15.45 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वियतनाम की थी न्गोक थुई गुयेन ने 14.65 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। एफ54 कैटेगरी में ऐसे खिलाड़ी आते हैं, जिनके धड़ और निचले अंगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ये खिलाड़ी थ्रोइंग चेयर से मुकाबला करते हैं। सुवर्णा ने अपना गोल्ड जीतने वाला थ्रो पांचवें प्रयास में किया और पोडियम में पहला स्थान हासिल किया।



दिलीप ने लगातार दूसरी बार गोल्ड जीता



पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप महादू गावित ने 48.27 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। भाविककुमार भरवाड़ ने 49.31 सेकेंड के समय के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड जीता था।

एथलेटिक्स : भारत ने हाई जंप में क्लीन स्वीप किया

पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की हाई जंप टी42/टी63 स्पर्धा में भारत ने तीनों मेडल जीतकर पोडियम पर कब्जा जमाया। शैलेश कुमार ने 1.89 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता और नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। वरुण सिंह भाटी ने 1.84 मीटर की छलांग के साथ सिल्वर और राहुल ने 1.81 मीटर के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। भारत ने 2022 के बाद लगातार दूसरी बार इस स्पर्धा के तीनों मेडल जीते।



धर्मराज ने लॉन्ग जंप का गोल्ड जीता



पैरा एथलेटिक्स की पुरुषों की लॉन्ग जंप T44/T62/T64 स्पर्धा में सोलैराज धर्मराज ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 7.15 मीटर की छलांग लगाकर नया एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2025 में बनाया अपना ही 7.08 मीटर का रिकॉर्ड 7 सेंटीमीटर से बेहतर किया। सोलैराज ने 2022 के पैरा एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था, तब उन्होंने 6.80 मीटर की छलांग लगाई थी।



एथलेटिक्स : 400 मीटर टी47 में भारत को गोल्ड-सिल्वर

पैरा एथलेटिक्स की महिलाओं की 400 मीटर टी47 स्पर्धा में भारत ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। अंजनाबेन बुम्बाडिया ने 59.97 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया, जबकि जयंती बेहरा ने सिल्वर मेडल दिलाया।

तीरंदाजी: भारतीय जोड़ी ने शीतल-तोमर ने जीता गोल्ड

शीतल देवी और तोमर कुमार ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया की थियोडोरा ऑडी ऑडिया फेरेली और केन स्वागुमिलांग को 151-148 से हराया। पहले चार तीर के सेट के बाद भारतीय जोड़ी के पास एक अंक की बढ़त थी। दूसरे सेट के बाद यह बढ़त 4 अंक हो गई। तब भारत का स्कोर 77 और इंडोनेशिया का 73 था। तीसरे सेट में भारतीय जोड़ी के चारों तीर 9 अंक पर लगे। हालांकि, आखिरी सेट में दोनों ने फिर 38 अंक हासिल किए और गोल्ड अपने नाम किया। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं। शीतल देवी का जन्म बिना बाहों के हुआ है। वे पैरों से धनुष चलाती हैं। वे डोरी खींचने और छोड़ने के लिए कंधे और जबड़े का इस्तेमाल करती हैं।



आर्चरी : शीतल देवी को दूसरा गोल्ड

पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी ने गोल्ड मेडल जीत लिया। उन्होंने महिलाओं के कंपाउंड इंडिविजुअल फाइनल में सिंगापुर की नूर आलिम स्याहिदाह को 142-139 से हराया।

भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ क्राइस्ट चर्च

पहला टी-20: संजू और नमन के बल्ले से निकली जीत

भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। क्राइस्टचर्च में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले खेलते हुए 225/4 का स्कोर बनाया, जिसमें ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 82 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने संजू सैमसन के अर्धशतक (67) और नमन धीर (42*) की मदद से लक्ष्य हासिल किया। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य है।



रोचक रहा पहला टी-20 मैच

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 45 रन बनाए। उनके बाद फिलिप्स ने अर्धशतक लगाया, जबकि बेवन जैकब्स ने 16 गेंदों में 31 रन का योगदान दिया और कीवी टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को संजू सैमसन (67) और अभिषेक शर्मा (29) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। मध्यक्रम में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर (42) ने भी संघर्ष दिखाया। अंत में नमन धीर (42*) ने आखिरी ओवर में जीत दिलाई।

भारत ने रचा इतिहास

भारतीय टीम ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य हासिल करने का अपना नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले भारत द्वारा हासिल किया सर्वोच्च लक्ष्य 209 रन का था। भारत ने ऑस्ट्रेलिया (वाईजैक, 2023) और न्यूजीलैंड (रायपुर, 2026) के खिलाफ 209 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों–2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:–

02253/02254 पटना जं. – नई दिल्ली – पटना जं. आरक्षित वंदे भारत त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 31 फेरे

रेलगाड़ी सं. 02253		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02254	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	10:00	पटना जं.	21:30	--
23:30	--	नई दिल्ली	--	08:35

चलने के दिन: **02253** पटना जं. से प्रत्येक शनिवार, सोमवार व बुधवार को दिनांक 24.10.2026 से 28.11.2026 तक एवं **02254 नई दिल्ली** से प्रत्येक रविवार, मंगलवार व गुरूवार को दिनांक 26.11.2026 तक।

स्थान: कुर्सीयान वाता.। ठहराव: आरा जं, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल एवं अलीगढ़ जं स्टेशन।

02252/02251 नई दिल्ली – पटना जं. – नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 30 फेरे

रेलगाड़ी सं. 02252		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02251	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	08:35	नई दिल्ली	23:30	--
21:30	--	पटना जं.	--	10:00

चलने के दिन: **02252 नई दिल्ली** से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शनिवार को दिनांक 25.11.2026 तक एवं **02251 पटना जं.** से प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार व रविवार को दिनांक 26.11.2026 तक।

स्थान: कुर्सीयान वाता.। ठहराव: अलीगढ़ जं, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं, बक्सर एवं आरा जं स्टेशन।

04536/04535 चण्डीगढ़ – बरौनी जं – चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04536		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04535	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:45	चण्डीगढ़	03:35	--
00:30	--	बरौनी जं	--	02:35

चलने के दिन: **04536 चण्डीगढ़** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 23.10.2026 से 27.11.2026 तक एवं **04535 बरौनी जं** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 25.10.2026 से 29.11.2026 तक।

स्थान: 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।

ठहराव: अंबाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

01913/01914 खजुराहो–हज़रत निज़ामुद्दीन–खजुराहो त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन) — 24 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01913		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01914	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	22:15	खजुराहो	03:30	--
11:00	--	हज़रत निज़ामुद्दीन	--	12:30

चलने के दिन: **01913 खजुराहो** से प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शनिवार को दिनांक 18.11.2026 तक एवं **01914 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार व रविवार को दिनांक 19.11.2026 तक।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। ठहराव: दुरिया गंज, छतरपुर, टीकमगढ़, दैलवारा, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, दतिया, डबरा, ग्वालियर जं, मुरेना, धौलपुर जं, आगरा छावनी, मथुरा जं एवं कोसी कलाँ स्टेशन।

08407/08408 खोरधा रोड जं. – आनन्द विहार टर्मिनल – खोरधा रोड जं. पूजा विशेष रेलगाड़ी — 03 फेरे

रेलगाड़ी सं. 08407		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 08408	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	12:15	खोरधा रोड जं.	10:45	--
22:30	--	आनन्द विहार टर्मिनल	--	00:30

चलने के दिन: **08407 खोरधा रोड जं.** से रविवार दिनांक 25.10.2026 को एवं **08408 आनन्द विहार टर्मिनल** से शुक्रवार व मंगलवार को दिनांक 23.10.2026 व 27.10.2026 को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव: भुवनेश्वर, कटक, जाजपुर केन्दुझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा, आद्रा जं., नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ज. गोमो, कोडरमा ज., गया जं, डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं, सूबेदार गंज, गोविंदपुरी, टूण्डला जं. एवं गाज़ियाबाद जं. स्टेशन।

04652/04651 अमृतसर – जयनगर – अमृतसर आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 35 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04652		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04651	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	10:55	अमृतसर	15:00	----
02:30	02:40	लखनऊ	22:30	22:40
20:00	---	जयनगर	----	04:15

चलने के दिन : **04652 अमृतसर** से प्रत्येक बुध, शुक्र, रवि को दिनांक 29.11.2026 तक **एवं 04651 जयनगर** से प्रत्येक शुक्र, रवि, मंगल को दिनांक 01.12.2026 तक। स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अंबाला छावनी, पानीपत जं., दिल्ली जं., मुरादाबाद, लखनऊ जं., शाहगंज जं., फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा, मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

04406/04405 शकूर बस्ती–मानसी जं.–शकूर बस्ती अनारक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04406		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04405	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	19:10	शकूर बस्ती	11:30	----
02:30	---	मानसी जं.	----	04:30

चलने के दिन : **04406 शकूर बस्ती** से दिनांक 05.11.26, 06.11.26, 07.11.26, 10.11.26, 11.11.26, 12.11.26, 13.11.26 एवं 14.11.26 को **एवं 04405 मानसी जं.** से दिनांक 07.11.26, 08.11.26, 09.11.26, 12.11.26, 13.11.26, 14.11.26, 15.11.26 एवं 16.11.26 को।

स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : नई दिल्ली, गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

04638/04637 अमृतसर जं.–छपरा–अमृतसर जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04638		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04637	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	19:40	अमृतसर जं.	00:20	----
20:45	---	छपरा	----	22:15

चलने के दिन : **04638 अमृतसर जं.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 30.11.2026 तक एवं **04637 छपरा** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 01.12.2026 तक।

स्थान : शयनयान। ठहराव : ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं., सीवान जं. एवं एकमा स्टेशन।

04640/04639 छेहरटा – मुज़फ़्फ़रपुर जं. – छेहरटा आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04640		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04639	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	08:35	छेहरटा	21:30	----
18:05	18:13	मुरादाबाद	11:00	11:10
13:10	---	मुज़फ़्फ़रपुर जं.	----	16:00

चलने के दिन : **04640 छेहरटा** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 30.11.2026 तक एवं **04639 मुज़फ़्फ़रपुर जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 01.12.2026 तक।

स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।

ठहराव : अमृतसर जं., ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., लुधियाना जं., सरहिंद, राजपुरा, अंबाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया एवं सगौली जं. स्टेशन।

01207/01208 नागपुर जं. – समस्तीपुर जं.– नागपुर जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 07 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01207		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01208	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	10:40	नागपुर जं.	11:30	----
08:13	08:15	बाराबंकी जं.	15:08	15:10
23:45	----	समस्तीपुर जं.	----	03:00

चलने के दिन : **01207 नागपुर जं.** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 11.11.2026 तक एवं **01208 समस्तीपुर जं.** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 23.10.2026 से 13.11.2026 तक। स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : बैतूल, इटारसी जं., भोपाल जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग जं., बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., छपरा जं., सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुज़फ़्फ़रपुर जं. स्टेशन।

09617/09618 उदयपुर सिटी – दिल्ली सराय रोहिल्ला – उदयपुर सिटी त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं.: 09617		स्टेशन	रेलगाड़ी सं.: 09618	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	21:15	उदयपुर सिटी	04:00	--
11:15	--	दिल्ली सराय रोहिल्ला	--	13:45

चलने के दिन: **09617 उदयपुर सिटी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 25.11.2026 तक एवं **09618 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 26.11.2026 तक।

स्थान: 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., 3 टीयर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव: मावली जं., चन्देरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा, रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, अटेली, रेवाड़ी जं., गुडगाँव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।

05048/05047 बनारस – कोलकाता – बनारस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05048		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 05047	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	10:45	बनारस	04:15	--
10:55	11:00	वाराणसी जं.	03:55	04:00
06:15	--	कोलकाता	--	08:25

चलने के दिन: **05048 बनारस** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 24.11.2026 तक एवं **05047 कोलकाता** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 25.11.2026 तक।

स्थान: 3 टियर वाता.। ठहराव: वाराणसी जं., औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा जं., दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चितरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान जं., बैण्डेल जं. एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज (ट)–गोरखपुर जं.– छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 52 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01079		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01080	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	22:30	छत्रपति शिवाजी महाराज (ट)	00:40	--
04:05	04:15	लखनऊ	19:45	19:55
10:00	--	गोरखपुर जं.	--	14:30

चलने के दिन: **01079 छत्रपति शिवाजी महाराज (ट)** से प्रतिदिन दिनांक 16.11.2026 तक एवं **01080 गोरखपुर जं.** से प्रतिदिन दिनांक 18.11.2026 तक।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य। ठहराव: दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

01415/01416 हडपसर – गोरखपुर जं. – हडपसर विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 51 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01415		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01416	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	07:05	हडपसर	03:30	--
09:55	10:05	लखनऊ	22:25	22:35
16:00	--	गोरखपुर जं.	--	17:30

चलने के दिन: **01415 हडपसर** से प्रतिदिन दिनांक 16.11.2026 तक एवं **01416 गोरखपुर जं.** से प्रतिदिन दिनांक 17.11.2026 तक।

स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव: दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं., मनकापुर जं. एवं बस्ती स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी / (84–भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद इसराइल पुत्र अब्बू मोहम्मद पता मकान नं. 9062/1, राम बाग, आजाद मार्केट, दिल्ली, और ग्राम खखरुआ, शीतलरामपुर, बिहार ने ई–एफआईआर सं. 000128/2020 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद इसराइल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद इसराइल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–एफआईआर सं. 000128 / 2020 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः सब्जी मंडी, दिल्ली **के उक्त मोहम्मद इसराइल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीती राजोरिया
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
(केंद्रीय जिला) कमरा नं. 32,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14956/N/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मो. समीर पुत्रः मो. सलमान पताः फैक्ट्री नं. जी–127, सेक्टर–3 डीएसआईआईडीसी बवाना, दिल्ली FIR No. 360/24 U/s 279/338/304-A IPC थानाः नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीर** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **समीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 360/24 U/s 279/338/304-A IPC थानाः नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समीर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री साहिल गुप्ता
जेएमएफसी–07, कमरा नंबर 6, ग्राउंड फ्लोर
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14896/ON/2026
(Court Matter)

बैडमिंटन : भारत ने चार कांस्य जीते, नवीन एकल फाइनल में



एजेंसी ⏭ नागोया

थुलासिमथी मुरुगेसन और नितेश कुमार की भारतीय जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 जबकि नवीन शिवकुमार ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके अलावा चार कांस्य भी जीते।

मिश्रित युगल स्पर्धा में मिला कांस्य

मिश्रित युगल स्पर्धा में फाइनल दो भारतीय जोड़ियों के बीच हो सकता था लेकिन मनीषा रामदास और प्रमोद भगत इंडोनेशिया की लीनी रात्रि ओक्टिला और हिकमत रामदानी से 21-16, 13-21, 17-21 से हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

सुहास- कृष्णा ने पुरुष एकल में जीता कांस्य

पुरुष एकल में तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास ललिनाकेरे यथिराज एसएल4 सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से 21-23, 21-8, 15-21 से हार गए और एक और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

एसएल3 श्रेणी क्या है

पैरा बैडमिंटन में एसएल3 श्रेणी में वह खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनके जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं और आधे कोर्ट पर प्रतिस्पर्धा करते हैं। एसयू श्रेणी के खिलाड़ी ऊपरी अंगों से दिव्यांग होते हैं। इन दोनों श्रेणियां के खिलाड़ियों को एक साथ उतारा जाता है। एसएल4 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके चलने और दौड़ने के संतुलन पर मामूली असर पड़ता है। वे पूरे कोर्ट पर खेलते हैं।



नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में मोदी ने कहा कि ईयू के साथ व्यापार समझौते ने इन अवसरों को और व्यापक बना दिया है

पीएम मोदी से मिले पोलैंड के पीएम टस्क

द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर तक व्यापार बढ़ाने का लक्ष्य, कई क्षेत्रों में करेंगे 'सहयोग'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-पोलैंड संबंधों की समीक्षा की और व्यापार, रक्षा, तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की।

नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से भारत-पोलैंड साझेदारी के लिए नए अवसर बढ़े हैं।

- ***रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग आगे बढ़ाएंगे***
- ***पोलैंड की कंपनियां उत्पादन और विकास में मदद करेंगी***


पोलैंड पीएम डोनाल्ड टस्क और पीएम मोदी

दोनों देशों के बीच मानवता आधारित मित्रता

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और पोलैंड की मित्रता केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता और संवेदना की साझी विरासत पर आधारित है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जामनगर और कोल्हापुर के राज परिवारों ने पोलैंड के हजारों बच्चों और परिवारों को भारत में आश्रय दिया था।

रणनीतिक साझेदारी को मिली नई गति

पीएम मोदी ने डोनाल्ड टस्क का स्वागत करते हुए 2024 में अपनी पोलैंड यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था। इसके बाद पिछले दो वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों को नई गति मिली है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत पोलैंड की कंपनियों को कई क्षेत्रों में सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि उन्नत प्रौद्योगिकियों और रणनीतिक क्षेत्रों में साझेदारी दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आ सकती है।

पीएम मोदी को दोस्त कहने पर गर्व: टस्क

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त कहने पर गर्व है। भारत और पोलैंड के बीच हितों का कोई टकराव नहीं है। हम अपनी दोस्ती को भरोसे, साझा मूल्यों और अहिंसा के विचार पर गढ़ रहे हैं।



राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी से मुलाकात से पहले डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार सुबह राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राष्ट्रपिता की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को गहरा करेंगे

संयुक्त प्रेस वार्ता से पहले मोदी और टस्क ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। इसमें भारत-पोलैंड संबंधों की समीक्षा की गई और व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में और और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितताओं और बदलावों के दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में भी भारत और पोलैंड दोनों विकास, प्रौद्योगिकी और नवाचार के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं।

युद्ध के बीच फंसे हुए 13 हजार भारतीयों की हुई सुरक्षित वतन वापसी

सऊदी अरब में हूती के हमलों में हुई एक भारतीय की मौत, 3 अन्य घायल

रियाद, जेद्दा में भारतीय दूतावास ने देश के लोगों के लिए जारी किया परामर्श

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया रीजन में युद्ध के बीच सऊदी अरब के हालात दिनों दिन और अधिक बिगड़ते जा रहे हैं। जिसमें एक ओर हूती के हमले जारी हैं। तो वहीं खाड़ी देश भी इनका मुंहतोड़ जवाब देने में लगा हुआ है। लेकिन यहां ध्यान देने वाली एक अहम बात ये है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप, प्रत्यारोप लगाने में लगे हुए हैं। तनाव बढ़ने की वजह से अमेरिका ने सऊदी में मौजूद सभी राजनयिक परिसरों को एक प्रकार से खाली कराते हुए अपने सभी कर्मियों व अन्य नागरिकों को वापस बुलाने का फरमान निकाला है। वहीं, हूती द्वारा सऊदी के एक बड़े हवाईअड्डे और तेल रिफाइनरी पर मिसाइल, ड्रोन से किए गए दो अलग-अलग हमलों में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। उधर, उक्त हमलों के मध्य हूती ने भी यह दावा किया है कि लाल सागर के जकर द्वीप में सऊदी अरब द्वारा एक नाव पर हमला किया गया। जिसमें 14 भारतीय नागरिक सवार थे। यमन के बलों ने उन्हें बचाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन पर तुरंत रोक लगाने की बात कही है। नई दिल्ली का यह भी कहना है कि युद्ध में नागरिक और ढांचागत अवसंरचनाओं को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।



दूतावास ने यूं की पुष्टि

रियाद में भारतीय दूतावास ने सऊदी अरब के नागर विमानन प्राधिकरण (डीजीसीए) के अधिकारियों के हवाले से पुष्टि करते हुए कहा कि बीते बुधवार रात पूर्वी सऊदी अरब के दम्माम स्थित किंग फहद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर किए गए हमले में हमें क्षति पहुंची है। इस दौरान सऊदी अरामको शायबा तेल रिफाइनरी पर भी एक हमला हुआ, जिसमें एक भारतीय घायल हो गया है। उसके बारे में और जानकारी लेने के लिए नई दिल्ली का कूटनीतिक मिशन सऊदी अधिकारियों के संपर्क में बना हुआ है। दूतावास ने 22 अक्टूबर को बताया कि दम्मान हवाईअड्डे पर हुए हमले में भारत के एक नागरिक की मौत हो गई है। जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। मामले पर आगे की जानकारी का इंतजार है, पीड़ितों परिवारों के साथ संपर्क किया जा रहा है। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करते हुए दूतावास ने कहा कि हम घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ये वही हवाईअड्डा है, जिस पर बीते 11 अक्टूबर को भी हमला किया गया था।

सऊदी से लौटे 13 हजार भारतीय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में बताया, पिछले सप्ताह उमरा के लिए सऊदी गए 3 हजार तीर्थयात्रियों ने खाड़ी देश में मौजूद हवाई उड़ानों की मदद से सुरक्षित ढंग से देश वापसी की है। जबकि इसके पूर्व में 10 हजार लोग भारत लौट चुके हैं। बाकी बचे हुए उमरा यात्रियों की जल्द से जल्द वतन वापसी के लिए तमाम जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने ये भी कहा कि रियाद, जेद्दा में मौजूद भारत के दूतावास, वाणिज्य दूतावास विमानन कंपनियों तथा टूर ऑपरेटरों के साथ संपर्क साधे हुए हैं। ताकि उमरा के लिए गए हज यात्रियों की जल्द सुरक्षित रूप से भारत वापसी कराई जा सके।

दूतावास से बनाया विशेष कंट्रोल रूम

सऊदी अरब में भारत के दूतावासों ने 24 घंटे काम करने वाले कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं। जिसमें रियाद के लिए मोबाइल नंबर +966-554412016, +966-542126784 (व्हाट्सएप संदेश के लिए +966-542126784) और जेद्दा के लिए मोबाइल नंबर +966-12-2614093, +966-556122301 (व्हाट्सएप नंबर-+966-536209704) शामिल हैं।

भारतीयों के लिए जारी की एडवाइजरी

भारतीय दूतावास ने देश के नागरिकों के लिए परामर्श जारी कर उनसे अपील की है कि वो सऊदी अरब में अत्यधिक सतर्कता बनाए रखें और स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे सभी दिशानिर्देशों पर न केवल नजर बनाए रखें। बल्कि उनका सख्ती से पालन करें। हवाई हमलों की स्थिति में हर हाल में अपने घरों के अंदर ही रहें। मिसाइल या ड्रोन हमले की किसी भी घटना से जुड़ी हुई कोई फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें। ज्ञात हो कि सऊदी अरब में कुल करीब 2.74 मिलियन भारतीय रहते हैं।

होर्मुज स्ट्रेट में टली बड़ी घटना

21 भारतीय नाविकों वाले तेल टैंकर पर हमला, यमन सेना ने किया रेस्क्यू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे एक तेल टैंकर पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ है। इस टैंकर पर 21 भारतीय नाविक सवार थे। हालांकि, राहत की बात है कि सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इस बारे में जानकारी दी है। यह घटना स्थानीय समय के अनुसार बुधवार को हुई।

कुवैत के झंडे वाला तेल टैंकर एम/टी अल दसमा जब होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि 21 अक्टूबर को कुवैत के झंडे वाले तेल टैंकर एम/टी अल दसमा पर, जिसमें 21 भारतीय नाविक थे, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। हमारे सभी 21 भारतीय चालक दल के सदस्य बाकी क्रू के साथ पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हम लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं और अपने नाविकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए जहाज प्रबंधन कंपनी के साथ निकट संपर्क में हैं।


तेल टैंकर एम/टी अल दसमा

हमले के बाद टैंकर में लगी आग

यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इस हमले को ट्रैक किया। उनके अनुसार हमला ओमान के बुखा से 11 नॉटिकल मील पश्चिम में हुआ। हमले के बाद जहाज पर आग लग गई थी, जिसे बाद में बुझा दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैंकर अभी भी वहीं रुका हुआ है और सभी चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। यह हमला खाड़ी क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों से जुड़ी घटनाओं की श्रृंखला के बीच हुआ है।





आज अजरबैजान की यात्रा पर रहेंगे विदेश मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर चिंताजनक बने हुए हालात के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शुक्रवार (23 अक्टूबर) को अजरबैजान के एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। इस दौरान उनकी अपने समकक्ष और अजरबैजान के विदेश मंत्री के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों पक्ष भारत, अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। मालूम हो कि पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान के बाद की जा रही विदेश मंत्री जयशंकर की अजरबैजान की यह एक अहम यात्रा है।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम से चिंतित अमेरिका नए हमले की तैयारी में

इजराइल में 27 अक्टूबर को चुनाव

ट्रंप बोले- कोई बातचीत नहीं हो रही, तेहरान के साथ चुनाव बाद जल्द कुछ होने वाला है

एजेंसी ⏭ तेहरान/ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि अमेरिका, ईरान के साथ बातचीत नहीं कर रहा है। इसके साथ ही बहुत जल्द ही कुछ होने वाला है। मीडिया से चर्चा में ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं। लेकिन किसी न किसी तरह से कुछ न कुछ जरूर होगा। यह बहुत जल्द होगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को उम्मीद है कि अगले महीने अमेरिकी चुनाव के बाद कुछ घटनाक्रम देखने को मिल सकते हैं। हमले का कारण ईरान के बढ़ते यूरेनियम संवर्धन और परमाणु गतिविधियों को लेकर बातचीत विफल होना है। ईरान तेजी से परमाणु बम कार्यक्रम को पूरा करने में जुटा है जिसे लेकर अमेरिका चिंतित है। वहीं, इजराइल में 26वीं नेसेट (संसद) के लिए आम चुनाव 27 अक्टूबर 2026 को होने जा रहे हैं।

- चुनाव परिणाम 4 नवंबर को घोषित
- 3 नंबर को ईरान पर हमले की आशंका


डोनाल्ड ट्रंप, मुजतबा ख़ामेनेई फाइल फोटो

ईरान का दावा होर्मुज में सात तेल टैंकरों पर किया गया हमला

वहीं, ईरान ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में रात के दौरान सात तेल टैंकरों में आग लग गई या उन्हें नुकसान पहुंचा है। ईरान के मुताबिक, जहाजों पर हमला किया गया या वे समुद्री बारूदी सुरंगों से टकराए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रिवोल्यूशनरी गाइर्स की नौसेना के हवाले से जहाजों पर हमले की जानकारी दी। हालांकि, इसमें किसी के मारे जाने या घायल होने की जानकारी नहीं दी गई। ब्रिटेन की समुद्री निगरानी संस्था यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने भी इन हमलों की सूचना नहीं दी। हाल के दिनों में निगरानी करने वालों ने कहा है कि कुछ जहाज संचालक घटनाओं की जानकारी देने से हिचक रहे हैं।

'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' से करेंगे हमला: ईरान

ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर कोई नई सैन्य कार्रवाई होती है, तो वह उसका जवाब देगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता हुसैन मोहेब्बी ने कहा कि अमेरिका के पास 'मदर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों की मां) है। हम उन्हें 'फादर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' (सभी बमों का पिता) दिखाएंगे, और यह निश्चित रूप से उनके लिए कुछ नया होगा।' हालांकि, तेहरान ने इस हथियार के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है और न ही यह स्पष्ट किया है कि इस धमकी का असल मतलब क्या है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे, परमाणु सुविधाओं, और मिसाइल व ड्रोन जखीरे को निशाना बनाने के लिए एक छोटे लेकिन तीव्र अभियान की विशेष योजनाएं तैयार की हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109